RNI:
UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

www.theachivertimes.com

# द अचीवर टाइम्स



डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 254
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, सोमवार, 08 जनवरी, 2024

## एक नज़र

### गोलियों की तड़तड़ाहट में थम गई वाहन सीजर की सांसें



**एजेंसी, वाराणसी।** वाराणसी के बाबतपुर एयरपोर्ट के पास ओवरब्रिज पर रविवार की शाम एक फाइनेंस कंपनी के वाहन सीजर वीर बहादुर सिंह (45) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर हड़कंप मच गया। सूचना पाकर मौके पर फूलपुर, बड़ागांव और सिंधौरा थाने की पुलिस के साथ ही फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची है। मौके पर छानबीन की जा रही है। पलहीपट्टी निवासी वीर बहादुर सिंह एक फाइनेंस कंपनी में वाहन सीजर का काम करता था। बताया जा रहा है कि वह चारपहिया वाहन में अपने तीन साथियों के साथ सवार था। वीर बहादुर सिंह को बाबतपुर एयरपोर्ट के समीप ओवरब्रिज पर एक चारपहिया वाहन सवार लोगों ने रुकने का इशारा किया था। वाहन के रुकते ही उसमें सवार लोगों ने वीर बहादुर के सिर को लक्ष्य कर गोली मार दी। इसके बाद सभी मौके से भाग निकले। आनन-फानन वीर बहादुर को मलदहिया स्थित निजी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डीसीपी गोमती जोन प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की वजह की जांच की जा रही है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस की तीन टीम लगाई गई है।

### आधी रात को हुई मुठभेड़ में इनामी बदमाश को लगी गोली

**एजेंसी, लखनऊ।** गैंगस्टर के मुकदमे में फरार चल रहे शातिर बदमाश की आधी रात को पुलिस से मुठभेड़ हो गई। बदमाश के पैर में गोली लगने के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, शनिवार की रात करीब 12ः00 बजे शहर कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी की टीम गदिया रोड पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान इमला बाबा मजार के पास बदमाश बाइक से आता हुआ दिखाई पड़ा।

## पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना मालदीव के मंत्रियों को पड़ा भारी

# मरियम शिउना समेत तीन निलंबित

एजेंसी

**माले।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी करना मालदीव के मंत्रियों को भारी पड़ गया है। मालदीव सरकार ने अपनी मंत्री मरियम शिउना को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा दो अन्य मालशा और हसन जिहान पर भी कार्रवाई की गई है। जानकारी के मुताबिक, विवादित बयान देने वाले दोनों मंत्री और एक सांसद को उनके पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। दरअसल, बात शुरू हुई चार जनवरी से। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने समुद्र किनारे टहलते और समय बिताते कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। उन्होंने लोगों से लक्षद्वीप घूमने जाने के लिए भी कहा। इसके बाद सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप ट्रेंड करने लगा। मामला इतना बढ़ा कि लोग मालदीव को छोड़कर लक्षद्वीप जाने की



बात करने लगे। देखते ही देखते सोशल मीडिया बायकॉट मालदीव से भर गया। इस पर मालदीव की एक मंत्री ने कहा कि भारत के तट मालदीव के समुद्री तटों के सामने कुछ नहीं हैं। इसके बाद से ही बड़ी से बड़ी सेलिब्रिटी से लेकर आम आदमी तक सभी लक्षद्वीप के समर्थन में आगे आ रहे हैं। पीएम मोदी की पोस्ट के बाद मालदीव के कुछ सोशल मीडिया हैंडल्स ने भारत को निशाना बनाना शुरु किया। पीएम मोदी पर भी जमकर निशाने पर आए। मालदीव की युवा अधिकार, सूचना और कला उप-मंत्री मरियम शिउना ने मर्यादा ही लांघ दी और अभद्र टिप्पणी कर डाली। मालदीव की सत्तारूढ़ प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव्स ही एक और सांसद ने कहा कि मालदीव का सूर्यास्त आपको लक्षद्वीप में नहीं दिखेगा। इसीलिए मालदीव की यात्रा करें।

पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद भारत ने नाराजगी जताई थी और मामले को मोहम्मद मुइज्जू सरकार के सामने उठाया था। माले में भारतीय उच्चायुक्त ने टिप्पणी पर कड़ी आपत्ति जताई थी। इसके बाद मालदीव सरकार ने बयान जारी कर कहा था कि यह उनकी व्यक्तिगत राय है। मामला बिगड़ता देख और भारत के सख्त रुख के बीच मालदीव सरकार ने सफाई दी। उन्होंने अपने मंत्री की टिप्पणी से किनारा कर लिया। कहा गया कि यह उनकी व्यक्तिगत राय है। मालदीव सरकार के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती। आपत्तिजनक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सरकार कार्रवाई करने से भी पीछे नहीं हटेगी। बाद में सरकार ने दोनों मंत्री और एक सांसद को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया।

### ऐसे बयान स्वीकार्य नहीं: पूर्व उपराष्ट्रपति

मालदीव के पूर्व उपराष्ट्रपति अहमद अदीब ने भी भारत का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद घटना है, जो नहीं होनी चाहिए थी। जब आप एक निर्वाचित पद पर होते हैं, तो आपको अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना होता है। अधिक जिम्मेदार होना होता है। वैश्विक नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति ये अपमानजनक टिप्पणियां स्वीकार्य नहीं हैं। हम अपने पर्यटन को सहिष्णुता, सद्भाव, मित्रता और आतिथ्य के आधार पर बनाते हैं। यह किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है।

### बीते दिनों संबंधों में आई है खटास

हाल के महीनों में नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद से भारत और मालदीव के बीच संबंध कुछ ठीक नहीं चल रहे। मुइज्जू को चीन का करीबी माना जाता है। उन्होंने विदेश नीति में बदलाव के भी संकेत दिए हैं। वे मालदीव से भारत की सेना को वापस हटाने की बात कह चुके हैं। वह चीन के दौरे पर भी हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के न्योते पर वह चीन की यात्रा कर रहे हैं।

### मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति ने भी लताड़ा

इस मामले में मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने भी मंत्रियों और सांसद की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि मैं सोशल मीडिया पर मालदीव सरकार के मंत्रियों की भारत के खिलाफ इस्तेमाल की जा रही घृणास्पद भाषा की निंदा करता हूं। भारत हमेशा मालदीव का एक अच्छा दोस्त रहा है और हमें इस तरह की कठोर टिप्पणियों को हमारे दोनों देशों के बीच सदियों पुरानी दोस्ती पर नकारात्मक प्रभाव डालने की अनुमति नहीं देनी चाहिए।

## टीएमसी नेता सत्येन चौधरी की हत्या, बदमाशों ने नजदीक से मारी गोली

**कोलकाता।** गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल सत्येन चौधरी को मुर्शिदाबाद ले जाया गया लेकिन उनकी मौत हो गई। सत्येन चौधरी मुर्शिदाबाद में टीएमसी के जिला महासचिव थे। पश्चिम बंगाल में टीएमसी नेता सत्येन चौधरी की मुर्शिदाबाद में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अज्ञात बदमाशों ने रविवार की दोपहर बहरामपुर के चलटिया इलाके में सत्येन चौधरी पर हमला किया। गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल सत्येन चौधरी को मुर्शिदाबाद ले जाया गया लेकिन उनकी मौत हो गई। सत्येन चौधरी मुर्शिदाबाद में टीएमसी के जिला महासचिव थे। सत्येन चौधरी कभी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी के करीबी थे लेकिन बाद में वह टीएमसी में चले गए थे।

## रामभक्तों का भव्य स्वागत, गूंजे जय सियाराम के जयकारे

# अयोध्या से रामज्योति लेकर काशी पहुंचीं मुस्लिम महिलाएं

एजेंसी

**वाराणसी।** रामज्योति लेकर वाराणसी के लिए निकली यात्रा का जौनपुर में भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने फूल-मालाओं के साथ रामज्योति यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान जय सियाराम के जयकारे से पूरा परिसर गूंज उठा।

अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश के भक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होना है। इस दिन को यादगार बनाने में सभी रामभक्त तैयारी में जुटे हैं। इसी क्रम में काशी की मुस्लिम महिलाएं अयोध्या से रामज्योति लेकर रविवार को काशी पहुंचीं। रास्ते में जौनपुर में कई स्थानों पर रामज्योति यात्रा का स्वागत किया गया। मुस्लिम महिला फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नाजनीन अंसारी के नेतृत्व में रामज्योति लाने के लिए शनिवार को यह यात्रा अयोध्या के लिए रवाना हुई। रविवार को नाजनीन अंसारी एवं डॉ. नजमा परवीन जब राम मंदिर के महंत शम्भू देवाचार्य से रामज्योति लेकर अयोध्या से वाराणसी



के लिए चलीं तो जौनपुर में विभिन्न स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। रामज्योति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई। जौनपुर की सीमा में रामज्योति यात्रा के प्रवेश करने पर विशाल भारत संस्थान के जिला चेयरमैन नौशाद अहमद दूबे एवं हिन्दू मुस्लिम संवाद केंद्र के जिला कोऑर्डिनेटर अल्लाउद्दीन भुल्लन ने अगवानी कर वाराणसी की सीमा तक पहुंचाया। वाराणसी की सीमा पर विशाल भारत संस्थान के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मोटर साईकिल दस्ते के साथ अगवानी की और रामज्योति यात्रा को सुभाष भवन तक पहुंचाया। इस दौरान जय सियाराम के नारे से परिसर गूंज उठा। सुभाष भवन में आरती और तिलक कर स्वागत किया गया। रामज्योति को सुभाष भवन में रखा गया जहां लोग दर्शन कर सकते हैं। श्रद्धालु यहां से 21 जनवरी को रामज्योति ले जाकर अपने घरों को प्रकाशित कर सकेंगे। नाजनीन अंसारी ने सुभाष भवन पहुंचकर रामपंथ के पंथाचार्य डॉ. राजीव श्रीगुरुजी एवं मुस्लिम धर्मगुरु अफसर बाबा को रामज्योति सौंपी, जिसे दर्शन के लिए सुभाष भवन में रखा गया।

रामपंथ एवं विशाल भारत संस्थान द्वारा लमही के सुभाष भवन में मुस्लिम समुदाय के लिए पूर्वजों से जुड़ो, राम से जुड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के मुस्लिम धर्मगुरुओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। अयोध्या से रामज्योति लेकर वापस लौटीं मुस्लिम महिला फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नाजनीन अंसारी ने कहा कि भगवान श्रीराम का मंदिर संघर्षों और हिंसा से बचाने के लिए प्रेरक के रूप में काम करेगा। मुस्लिम देशों के राष्ट्राध्यक्ष अयोध्या आकर प्रभु श्रीराम का दर्शन कर और श्रीराम के दर्शन को अपने देश में लोगों को बताएं। सत्ता और धर्म के नाम पर नफरत फैलाने वालों के लिए रामभक्ति आवश्यक है। अपने देश को बचाना है तो अयोध्या आएं और अपने देश में भगवान श्रीराम का मंदिर बनवाएं।

जौनपुर के जिला चेयरमैन नौशाद अहमद दूबे ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने रामभक्ति की थी, तभी हम लोगों में रामभक्ति है और हम राम मंदिर बनने की खुशी मना रहे हैं। 22 जनवरी को हम अपने घरों पर रामज्योति जलाएंगे। हिन्दू मुस्लिम संवाद केंद्र की नेशनल कोऑर्डिनेटर आभा भारतवंशी ने कहा कि राम के आने की खुशी में सभी शामिल हैं, मुसलमानों को भी इस खुशी में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। हिन्दू मुस्लिम संवाद केंद्र के जिला कोऑर्डिनेटर अल्लाउद्दीन भुल्लन ने कहा कि हम राम से जुड़े हैं, हमारे पूर्वजों के खून में रामभक्ति है।

## पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारने के मामले में बीजेपी विधायक पर हो कार्रवाई: सुप्रिया सुले

एजेंसी

**पुणे।** एक अस्पताल में ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारने को लेकर भाजपा विधायक पर कार्रवाई की मांग करते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि अगर नहीं हुई कार्रवाई तो देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखूंगी।

भाजपा विधायक द्वारा ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारने के मामले में शरद गुट की एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने रविवार को प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि यह बेहद अपमानजनक हैं, मैं इसे देखकर बेहद दुखी हूं। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर विधायक पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती हैं तो मैं महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री देवेंद्र फडणवीस को पत्र लिखूंगी। पुणे जिले के बारामती से लोकसभा सांसद ने कहा कि मुझे लगा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी, जो लोगों का सम्मान करती हैं। लेकिन ये क्या, वे तो पुलिसकर्मियों को थप्पड़ मार रहे हैं। मैं सवाल पूछना चाहती हूं कि क्या वे इस मुद्दे पर समझौता कर रहे हैं। क्या भाजपा विधायक के खिलाफ कार्रवाई न करके उन्हें बचाने की कोशिश की जा रही हैं। इस तरह की घटना राज्य में बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दरअसल, शुक्रवार को पुणे छावनी से भाजपा विधायक सुनील कांबले ने शहर के एक अस्पताल में तैनात एक पुलिसकर्मी को थप्पड़ मारा, जहां वो कार्यक्रम में शामिल हुए थे। बाद में पुलिसकर्मी की शिकायत के बाद विधायक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैं।



### सीट बटंवारे को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष की टिप्पणी पर आपत्ति नहीं

**पुणे।** इसी बीच, लेकसभा चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुप्रिया सुले ने कहा कि सीटों को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणियों पर कोई आपत्ति नहीं हैं। राज्य में कांग्रेस हमारी सहयोगी पार्टी हैं। बता दें मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा था कि कांग्रेस सभी 545 लोकसभा क्षेत्रों पर काम कर रही है और सभी सीटों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। हालांकि, उन्होंने कहा था कि कौन सी पार्टी किस सीट पर चुनाव लड़ेगी और कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी, इसका फैसला इंडिया गठबंधन के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श के बाद किया जाएगा।

## पहली बार रात में कारगिल एयरस्ट्रिप पर लैंड हुआ C-130J विमान




एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने रविवार को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया, जब हर्क्यूलिस विमान C-130J ने कारगिल हवाई पट्टी पर पहली बार रात में लैंडिंग की. कारगिल की ये हवाई पट्टी चारों ओर से पहाड़ियों से घिरी हुई है। ऐसे में यहां रात के समय किसी विमान की लैंडिंग बेहद मुश्किल थी, लेकिन इस मिशन ने चुनौतीपूर्ण वातावरण में भारतीय वायुसेना की क्षमताओं का प्रदर्शन किया। एक्स पर एक पोस्ट में भारतीय वायु सेना ने खुलासा किया कि कारगिल हवाई पट्टी पर रात में विमान की लैंडिंग के दौरान टेरेन मास्किंग का कार्य किया गया. भारतीय वायुसेना ने कहा कि इस अभ्यास से गरुड़ कमांडो के प्रशिक्षण मिशन में भी मदद मिली। भारतीय सेनाएं अपनी क्षमताओं को बढ़ा रही हैं। वायु सेना दिन के अलावा रात में भी भारतीयों सीमाओं पर अपनी चौकसी को बढ़ा रही है। यही वजह रही कि वायुसेना के हर्क्यूलिस विमान को पहली बार कारगिल की एयरस्ट्रिप पर रात में उतारने का प्रयास किया गया, जिसमें सफलता भी मिली है। दरअसल, वायुसेना का यह मिशन उस अभ्यास का हिस्सा था, जिसमें कमांडोज को आपात समय में जल्द से जल्द मोर्चों पर भेजा जा सके। वायुसेना ने इस मिशन के दौरान टेरेन मास्किंग तकनीक का इस्तेमाल किया। दरअसल, ये एक ऐसी रणनीति है, जिसमें दुश्मन के रडार को चकमा देकर विमान अपने लक्ष्य तक पहुंचता है।

## भारत-ब्रिटेन रक्षा उद्योग संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के उद्देश्य से लंदन जाएंगे रक्षा मंत्री राजनाथ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रणनीतिक एवं सुरक्षा संबंधों को और मजबूत एवं बेहतर बनाने के उद्देश्य से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को ब्रिटेन की दो दिवसीय यात्रा पर जायेंगे. दोनों देशों की बीच लड़ाकू विमानों एवं अन्य सैन्य मंचों को संयुक्त रूप से विकसित करने के लिए संभावित सहयोग पर चर्चा होगी. रक्षा मंत्रालय ने यात्रा की जानकारी देते हुए बताया



कि सिंह और ब्रिटिश रक्षा मंत्री ग्रांट शाप्स के बीच रक्षा, सुरक्षा एवं औद्योगिक सहयोग के क्षेत्र में व्यापक मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है। रक्षा मंत्री के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा जिसमें सेना के तीनों अंगों, रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और रक्षा उत्पादन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, वह यूके रक्षा उद्योग के सीईओ और उद्योग जगत के नेताओं के साथ भी बातचीत करेंगे और वहां भारतीय समुदाय से मिलेंगे। मामले से परिचित लोगों ने कहा कि रक्षा मंत्री शाप्स के साथ सिंह की बातचीत मुख्य रूप से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी को साझा करने और द्विपक्षीय औद्योगिक रक्षा सहयोग के विस्तार पर केंद्रित होगी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के लड़ाकू विमानों और अन्य सैन्य मंचों के संयुक्त विकास में सहयोग पर चर्चा करने की उम्मीद है. उन्होंने कहा कि सिंह और शाप्स के हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया और यूक्रेन की स्थिति पर भी चर्चा करने की उम्मीद है।

## राम के सच्चे भक्त हैं, सब जानते हैं : डिंपल यादव

एजेंसी

**मैनपुरी।** मैनपुरी के विधानसभा किशनी क्षेत्र में सपा सांसद डिंपल यादव ने रविवार को गांव पृथ्वीपुर में विधायक निधि के विकास कार्यों का लोकार्पण किया। ग्रामीणों से कहा कि भाजपा से बचकर रहें। भाजपा झूठ बोलकर आम आदमी को गुमराह करने का काम करती है। आगामी लोकसभा का चुनाव आम चुनाव नहीं संविधान बचाने का चुनाव होगा। सांसद ने कहा कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व तय करेगा कि गठबंधन में कौन रहेगा और कौन नहीं रहेगा। हमको पूरा भरोसा है कि मैनपुरी की जनता उपचुनाव की तरह ही आगामी लोकसभा चुनाव में भी साथ देगी। भाजपा के लोग सपा कार्यकर्ताओं को डरा धमका रहे हैं पर सपा के कार्यकर्ता डरने वाले नहीं है। आज किसान नौजवान परेशान है। गांव का युवा शिक्षित होना चाहता है पर भाजपा नहीं चाहती कि गांव का युवा शिक्षित बने। इससे पूर्व सांसद का चेयरमैन किशनी के आवास पर स्वागत हुआ। पूर्व सांसद तेजप्रताप यादव, विधायक ब्रजेश कठेरिया, जिलाध्यक्ष आलोक शाक्य, पूर्व विधायक राजू यादव, संध्या कठेरिया, बिल्लू यादव, विपिनराज यादव, डैनी यादव, गौरव वाल्मीकि मौजूद रहे। कुसमरा क्षेत्र के गांव ढंढौस के अंबेडकर पार्क में अनुसूचित जाति के लोगों की बैठक में सांसद ने कहा कि कुछ लोग राम की बात करते हैं। वह अगर भगवान राम के सच्चे भक्त हैं तो उनके आदर्शों को अपने जीवन उतारें। अन्यथा सब जानते है कि वह राम को मोहरा बनाकर वोट की राजनीति करते हैं। सांसद ने डॉक्टर अंबेडकर, महात्मा बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। रामपाल सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुमन यादव, रेखा यादव, सूरज सिंह, संजीव श्रीवास्तव, रामस्वरूप जाटव, रामप्रकाश जाटव, रामचरन जाटव मौजूद रहे। सांसद डिंपल यादव शनिवार की देर शाम नगला सुखी पहुंचीं। सड़क दुर्घटना में जान गवांने वाले सज्जन सिंह व उनकी नातिन खुशी के निधन पर शोक जताया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में पार्टी के कार्यकर्ता जुट गए हैं। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की बड़ी जीत होगी।

## आप नेता संजय सिंह को निर्वाचन अधिकारी से मिलने की मिली अनुमति



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह को राज्यसभा चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी से नामांकन पत्र दाखिल करने के सिलसिले में मिलने की अनुमति दे दी है. विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने सिंह द्वारा दायर एक आवेदन पर यह निर्देश पारित किया. न्यायाधीश नागपाल ने पहले सिंह को राज्यसभा चुनाव के लिए उनके पुनः नामांकन से संबंधित कुछ दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दी थी। न्यायाधीश ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को सिंह को 8 और 10 जनवरी को निर्वाचन अधिकारी के सामने पेश करने का निर्देश दिया, ताकि वह उक्त चुनाव के संबंध में अपना नामांकन पत्र दाखिल कर सकें। न्यायाधीश ने छह जनवरी को पारित एक आदेश में निर्देश दिया, ÷आरोपी को नामांकन और दस्तावेजों की जांच की उपरोक्त प्रक्रिया पूरी होने तक वहां रहने की अनुमति दी जाएगी। सिंह ने कहा कि राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका वर्तमान कार्यकाल 27 जनवरी, 2024 को समाप्त हो रहा है और निर्वाचन अधिकारी ने इस सीट पर चुनाव के लिए 2 जनवरी को नोटिस जारी कर दिया है। धनशोधन रोधी एजेंसी ने सिंह को चार अक्टूबर को गिरफ्तार किया था. ईडी ने आरोप लगाया है कि सिंह ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 बनाने और लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी, जिससे कुछ शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को रिश्वत के बदले लाभ हुआ। सिंह ने इस आरोप का खंडन किया है जबकि आप ने आरोप लगाया है कि उसके नेताओं को राजनीतिक प्रतिशोध के कारण निशाना बनाया जा रहा है।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने रघुनाथ सिंह को लखनऊ से ज़िला

❖ ज़िला अध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने सभी जिलो के अध्यक्ष से की मुलाक़ात जिलो मे पत्रकारो के पूछे हाल।
❖ लखनऊ से पार्थ कुमार को मिली बड़ी जिम्मेदारी जिलाउपाध्यक्ष की संभालेगे कमान।

पार्थ कुमार/द अचीवर टाइम्स



**लखनऊ।** पत्रकारो पे हो रहे अत्याचार फर्जी मुकदमो व सुरक्षा के सम्बन्ध मे शासन,प्रशासन के आगे सदैव प्रमुखता से अपनी बात रखने वाले राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने लखनऊ मे की एक बड़ी बैठक जिसमे प्रत्येक जिलो के जिलाध्यक्ष की रही मौजूदगी इस कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा व लखनऊ ज़िला अध्यक्ष रघुनाथ सिंह की रूप रेखा से पार्थ कुमार को लखनऊ जिलाउपाध्यक्ष की मिली बड़ी जिम्मेदारी देवेंद्र मिश्रा ने पुष्प गुच्छ के साथ प्रत्येक जनपद के अध्यक्ष की मौजूदगी मे पार्थ कुमार को सदैव पत्रकारो पे हो रहे अत्याचारो के हित के कार्य मे उनके साथ रहने व उनके कंधे से कन्धा मिला कर पत्रकारो की बुलंद आवाज बन के लखनऊ की एक बड़ी जिम्मेदारी की कमान सौंपी कमान सँभालने पर बोले पार्थ पत्रकारो की समस्याओ की निरंतर अपनी कलम के माध्यम से लिखना शासन, प्रशासन के समछ प्रमुखता से रखना ही राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का उद्देश्य है तो वही लखनऊ ज़िला अध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने पत्रकार एकता पर कसा जोर संगठित होकर चलने का दिया उद्देश्य पत्रकारो पे झूठे मुकदमो मे फसाये जाने पर एक बड़ी चिंता का विषय बताया, इसी क्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश से आये सभी पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र दे कर सम्मानित भी किया।

## 15 हजार इनामी आरोपी को खीरी थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार मुकदमा दर्जकर भेजा जेल



द अचीवर टाइम्स

**लखीमपुर खीरी।** थाना खीरी पुलिस ने गौकसी के मामले में वांछित चल रहे 15 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्त को किया गिरफ्तार। पकड़े गए अभियुक्त मोहम्मद मियां पुत्र लड्डुन को अवैध तमंचा-कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी व अवैध शस्त्रों के निर्माण/बिक्री/परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया गया।अभियान के अन्तर्गत आज थाना खीरी पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 0624/22 धारा 3/5/8 गौवध निवारण अधि0 व मु0अ0सं0 0631/22 धारा 307 भादवि व 11(क) पशु प्रति क्रूरता निवारण अधि0 में वांछित 15,000 रुपये के इनामिया अभियुक्त मोहम्मद मियां पुत्र लड्डुन उर्फ इस्तियाक निवासी मोहल्ला देवी स्थान कस्बा व थाना मोहम्मदी जनपद खीरी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के पास से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित बरामद हुआ है। आरोपी को खीरी थाना क्षेत्र के जिन्सी रेलवे क्रासिंग कस्बा खीरी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्व विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के नेतत्व मे लखनऊ मे हुई बड़ी बैठक



❖ लखनऊ अध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने सभी जिलो के अध्यक्ष से की मुलाक़ात जिलो मे पत्रकारो के पूछे हाल।
❖ लखनऊ से पार्थ कुमार को मिली बड़ी जिम्मेदारी जिलाउपाध्यक्ष की संभालेगे कमान।

द अचीवर टाइम्स

**लखनऊ।** पत्रकारो पे हो रहे अत्याचार फर्जी मुकदमो व सुरक्षा के सम्बन्ध मे शासन,प्रशासन के आगे सदैव प्रमुखता से अपनी बात रखने वाले राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा ने लखनऊ मे की एक बड़ी बैठक जिसमे प्रत्येक जिलो के जिलाध्यक्ष की रही मौजूदगी इस कार्यक्रम मे राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा व लखनऊ अध्यक्ष रघुनाथ सिंह की रूप रेखा से पार्थ कुमार को लखनऊ जिलाउपाध्यक्ष की मिली बड़ी जिम्मेदारी देवेंद्र मिश्रा ने पुष्प गुच्छ के साथ प्रत्येक जनपद के अध्यक्ष की मौजूदगी मे पार्थ कुमार को सदैव पत्रकारो पे हो रहे अत्याचारो के हित के कार्य मे उनके साथ रहने व उनके कंधे से कन्धा मिला कर पत्रकारो की बुलंद आवाज बन के लखनऊ की एक बड़ी जिम्मेदारी की कमान सौंपी कमान सँभालने पर बोले पार्थ पत्रकारो की समस्याओ की निरंतर अपनी कलम के माध्यम से लिखना शासन, प्रशासन के समछ प्रमुखता से रखना ही राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का उद्देश्य है तो वही लखनऊ अध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने पत्रकार एकता पर कसा जोर संगठित होकर चलने का दिया उद्देश्य पत्रकारो पे झूठे मुकदमो मे फसाये जाने पर एक बड़ी चिंता का विषय बताया.

# एक नज़र

## इलेक्ट्रिक बस में सर्प देख कर मचा हड़कंप



द अचीवर टाइम्स/निखिल मिश्रा

**मलिहाबाद,लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ घंटा घर से सवारियों को लेकर जा रही इलेक्ट्रिक बस में सर्प देख कर बस में हड़कंप मच गया। यात्रियों के मुताबिक इलेक्ट्रिक बस घंटा घर लखनऊ से रहीमाबाद तक यात्रियों को लेकर जा रही थी लगभग साढ़े तीन बजे रहीमाबाद चौराहे पर थाने के निकट बस में सांप दिखने से यात्रियों में अफरा तफरी का माहोल उत्पन्न हो गया। महिला यात्री व बच्चे चीख पुकार करने लगे। चीख पुकार सुनकर चालक ने बस को किनारे लगाकर लगभग आधे घंटे तक यात्रियों के साथ मिलकर सांप को ढूंढा लेकीन सांप को ढूंढा नहीं जा सका।

## तहसील बी.के.टी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरुखाबाद में किसान की जमीन पर दबंग भूमाफियाओं द्वारा किया जा रहा है अवैध कब्जा



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** बताते चलें कि बीकेटी तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत फर्रुखाबाद के रहने वाले इन्द पाल जो कि अपनी जमीन 2011 में अपनी जमीन सरीफ अहमद पुत्र स्व अब्दुल अजीज निवासी विनय खंड गोमती नगर लखनऊ को एक वर्ष के लिए एग्रीमेंट किया जिसका समय पूरा हो जाने के बाद भी सरीफ अहमद द्वारा किसान इन्द्र पाल की जमीन पर कब्जा करने पर लगे हैं उत्तर प्रदेश सरकार में भूमाफियाओं पर लगातार सिकंजा कसने के बावजूद भी दबंग भूमाफियाओं के हौसले बुलंद नजर आ रहे हैं। आखिर कब होगी दबंग भूमाफियाओं पर करवाई या यूं ही भूमाफियाओं के सिकार होते रहेंगे किसान।

## गंभीर बीमारी से जूझ रही हैं पूर्व मिस्टर इंडिया धर्मेंद्र कुमार उर्फ़ रामू की पत्नी

पूर्व मिस्टर इंडिया ने अपनी पत्नी के उपचार के लिए लगाई मदद की गुहार

केरल के हॉस्पिटल में चल रहा हैं उनकी पत्नी का उपचार



दा अचीवर टाइम्स से चेतन कुमार

**हापुड़।** जाने वाले बॉडीबिल्डर और पूर्व मिस्टर इंडिया धर्मेंद्र कुमार उर्फ रामू ने शहर के लोगों से अपनी पत्नी के उपचार के लिए गुहार लगाई है। धर्मेंद्र कुमार ने कहा है कि उनकी पत्नी केरल के अस्पताल में भर्ती है और एक बेहद ही गंभीर बीमारी से जूझ रही है। जिसके लिए उन्हें लोगों से आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। धर्मेंद्र कुमार उर्फ रामू ने शहर के लोगों से अपनी पत्नी के लिए जल्द से जल्द स्वस्थ होने की ईश्वर से प्रार्थना करने की अपील की है साथ ही लोगों से आर्थिक सहयोग देने की गुहार भी लगाई है। उन्होंने कहा हैं कि लोगों की प्रार्थना और उनसे मिली ये आर्थिक मदद उनकी पत्नी के जीवन को बचा सकती हैं। उन्होंने कहा हैं कि जो लोग उनकी पत्नी को इस गंभीर बीमारी से बचाने के लिए उन्हें सहयोग कर आगे आना चाहते हैं वे उन्हें या तो अपना अमूल्य सहयोग मोबाइल नंबर 7248140766 पर पेटीएम कर सकते हैं या फिर सीधा हापुड़ के IDBI बैंक में उनके खाता संख्या 0349104000014243 में धनराशि ट्रांसफर भी कर सकते हैं। बैंक का ढ्ढस्नस्ष्ट कोड IBKL0000349 हैं।

## ग्लैक्सी इंटरप्राइजेज शॉप का भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने फीता काटकर किया शुभ आरंभ



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार की ब्यूरो रिपोर्ट

**हापुड़।** धौलाना तहसील पिलखुवा रोड पर स्थित निकट आनन्द हॉस्पिटल के सामने ग्लैक्सी इंटरप्राइजेज शॉप का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने फीता काट कर शुभ आरंभ किया। आपको बता दे पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी नगर पालिका परिषद पिलखुवा आशु ठेकेदार के बेटे शान मोहम्मद ने ग्लैक्सी इंटरप्राइजेज शॉप धौलाना तहसील रोड पर खोला। एलईडी टीवी, मोबाइल, खपड़े धोने वाले मशीन, आई फोन , प्रेस इत्यादि मिलेगा । जनता को किस्तों में भी दिया जाएगा और कम से कम दाम भी दिया जाएगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश तोमर, ब्लॉक प्रमुख निशांत शिशोदिया, मंडल अध्यक्ष गालंद नवीन तोमर, मंडल अध्यक्ष पिलखुवा अंसुल मित्तल, भाजपा वरिष्ठ नेता अजीत चौधरी, किसान नेता शिव कुमार राणा, आशु ठेकेदार,शान मोहम्मद शामिल रहे ।

## चोरों ने दीवार में सेंध लगाकर लगभग पांच-छः हजार रुपये का सामान पार कर दिया



द अचीवर टाइम्स/प्रभात तिवारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राजधानी लखनऊ के माल थाना क्षेत्र अंतर्गत बरगदिया चौराहे पर स्थित एक दुकान में रात को चोरों ने दीवार में सेंध लगाकर लगभग पांच - छः हजार रुपये का सामान पार कर दिया। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर छानबीन की। पीड़ित कंचन पत्नी धर्मेंद्र सिंह निवासी ग्राम आँट गढ़ी सौरा ने बताया कि बरगदिया चौराहे पर दोना पत्तल की गयाबक्स मार्केट में दुकान है बीती रात दुकान में सेंध लगाकर के लगभग पांच छः हजार रुपए का सामान उठा ले गए।रविवार सुबह दुकान खोलने पर चोरी की जानकारी हुई। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच-पड़ताल की। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर थाना पुलिस को दी है।इस संबध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## ग्राम पंचायत का खाता संचालित कर रहा निजी कर्मी, होगी एफआईआर

**बाराबंकी।** ग्राम पंचायत में होने वाले कार्यों से लेकर भुगतान में निजी कर्मियों की दखलंदाजी जगजाहिर है। वहीं, ब्लॉक से लेकर जिले के अधिकारी इससे अंजान बने रहते हैं। ऐसा ही एक मामला सिद्धौर की ग्राम पंचायत बसंतपुर का सामने आया है। यहां ग्राम पंचायत का खाता वर्षों से निजी कर्मी संभाल रहा है। शासन ने इसकी जांच कराई तो खुलासा हुआ। अपर मुख्य सचिव ने निजी कर्मी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद संबंधित एडीओ को पत्र लिखकर कार्रवाई के लिए आदेशित किया गया है। सिद्धौर की ग्राम पंचायत बसंतपुर में पंचायत सहायक के पद पर निधि वर्मा की तैनाती है। शासन का स्पष्ट आदेश है कि ग्राम पंचायतों का खाता प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी और पंचायत सहायक ही संचालित करेगा। इसके बावजूद यहां निजी कर्मी सनी द्वारा न सिर्फ खाते का संचालन किया जा रहा है, बल्कि कार्ययोजना से लेकर भुगतान में भी हस्तक्षेप रहता है।

# दीपक कश्यप समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला महासचिव नियुक्त

❖ समीक्षा बैठक में सपा पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार कर बूथ कमेटी को बनाने पर दिया बल।

द अचीवर टाइम्स



**हापुड़।** समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आदेश गोस्वामी के नेतृत्व में रविवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। तो वही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं सपा प्रदेश अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ डॉक्टर राजपाल कश्यप की संस्तुति पर जिला अध्यक्ष आदेश गोस्वामी ने कुचेसर निवासी दीपक कश्यप को समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ की जिला महासचिव के पद पर नामित करते हुए नियुक्त की पत्र दिए। तो वहीं दीपक कश्यप ने बताया कि नेताजी मुलायम सिंह यादव की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाते हुए अपने कर्मठ प्रयास से जनपद हापुड़ में पिछड़ा वर्ग को समाजवादी पार्टी से जोड़कर संगठन को और अधिक बल एवं प्रगति शीलता प्रदान करूंगा। इस समीक्षा बैठक में जिला अध्यक्ष आदेश गोस्वामी ने समाजवादी पार्टी की नीतियों का प्रचार प्रसार करते हुए बूथ कमेटी को बनाने पर बल दिया गया सभी कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया । समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आदेश गोस्वामी के नेतृत्व में आयोजित समीक्षा बैठक में समाजवादी पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला व विधानसभा स्तरीय सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव गिरीश मथुरिया, आनन्द (बबलू) गुर्जर जिलाध्यक्ष समाजवादी पार्टी हापुड़, ब्रिजेश कश्यप कनिया प्रदेश उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी मजदूर सभा, बबलू उपाध्याय प्रदेश सचिव पिछड़ा प्रकोष्ठ, अख्तर मलिक जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, पुरूषोत्तम वर्मा जिला प्रवक्ता, डॉ युसूफ, दीपक कश्यप जिला महासचिव पिछड़ा प्रकोष्ठ, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र यादव, सुशील कश्यप जिला कोषाध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# अवैध सम्बन्धों व लेनदेन के चलते की गई थी गीता नामक महिला की हत्या

❖ 25 हजार रुपये के इनामिया सहित 2 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार।

द अचीवर टाइम्स



**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने महिला के ब्लाइंड मर्डर की घटना का सफल अनावरण करते हुए महिला की हत्या की घटना में संलिप्त मुख्य हत्यारोपी 25 हजार रुपये के इनामिया सहित 2 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है तो वहीं पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि 25 दिसंबर 2023 को थाना सिंभावली क्षेत्र के ग्राम खुडलिया में एक अज्ञात महिला का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी उक्त सूचना प्राप्त होने पर स्थानीय पुलिस व मेरे द्वारा मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया था । इस सम्बन्ध में थाना सिम्भावली मु0अ0सं0 393/2023 धारा 302/201 भादवि पंजीकृत किया गया था, मृतका की शिनाख्त जनपद गाजियाबाद निवासी गीता देवी के रूप में हुई थी। उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुए थाना सिंभावली पुलिस ने विजेंद्र उर्फ बिरजू पुत्र लखीमचंद निवासी ग्राम सदरपुर व शकील पुत्र शब्बीर निवासी कस्बा डसना जिला गाजियाबाद को नया बाईपास खुडलिया से हरौडा अंडरपास की तरफ जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से घटना में 20,230/- रुपये नकदी, आलाकत्ल अवैध असलहा मय जिन्दा व खोखा कारतूस व घटना में प्रयुक्त महिन्द्रा एक्सयूवी 300 कार बरामद की है मुख्य तथ्य लेनदेन के साथ जमीनी विवाद व अवैध सम्बन्धों के चलते महिला की हत्या करना पाया गया है पकड़े गए गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं जिनके विरुद्ध जनपद गाजियाबाद व दिल्ली में हत्या, लूट, डकैती, चोरी व बलवा आदि के करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

## कलश यात्रा निकाल कर बांटे पूजित अक्षत

**बाराबंकी।** हाथों में पूजित अक्षत से भरा कलश और पत्रक लेकर यात्राएं निकलीं तो पूरा माहौल जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान हो गया। विहिप एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर अक्षत व पत्रक वितरित करते हुए 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाने की अपील की। साथ ही प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या आकर भगवान राम के दर्शन करने का न्योता दिया। सिद्धौर के सिद्धेश्वर मंदिर से पूर्व एमएलसी हरगोविंद सिंह के नेतृत्व में गाजे-बाजे के पूजित अक्षत कलश यात्रा निकली। इस मौके पर नगर पंचायत के सभी घरों में अक्षत के साथ पत्रक का वितरण किया गया और सभी से प्राण प्रतिष्ठा के दिन घरों में दीप जलाकर दीपोत्सव मनाए जाने की अपील की गई। इस दौरान सिद्धेश्वर मंदिर के महंत अनिल पुरी, चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू राव आदि मौजूद रहे।

## रजवाहे में मिला हाथ पैर बंधे युवक का शव हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका



द अचीवर टाइम्स

**हापुड़।** रविवार को गढ़ कोतवाली क्षेत्र के बदरखा रजवाहे पर एक अज्ञात युवक का शव पानी में तैरते हुए मिला है। बड़ी बात यह है कि युवक के हाथ और पैर टेप से बंधे हुए थे और शरीर पर चोटों के निशान थे। आशंका जताई जा रही है कि युवक के हाथ और पैर बांधकर उसे टॉर्चर कर उसकी बेरहमी से हत्या की गई है। जिसके बाद शव यहां फेंक दिया गया है। बदरखा रजवाहे के पास शव को देखकर राहगीरों ने पुलिस को शव की सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया है और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर मौके पर फॉरेंसिक टीम भी पहुंची। जो पूरे मामले की जांच कर रही है। मृतक युवक की जेब से एक आईडी बरामद हुई है। जिससे मृतक युवक की पहचान जनपद अमरोहा निवासी सरफराज के रूप में हुई है। पुलिस युवक के परिजनों से संपर्क करने का प्रयास कर रही है। इस पूरे मामले पर गढ़ सीओ आशुतोष शिवम का कहना है कि गढ़ कोतवाली क्षेत्र के बदरखा रजवाहे के पास युवक के शव की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की पहचान हो गई है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## बहरौरा प्रीमियम लीग (BPL) फाइनल में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य

द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।





**लखनऊ।** माल राजधानी लखनऊ विकास खण्ड माल के बहरौरा में बहरौरा प्रीमियम लीग तृतीय ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच का आयोजन 24 दिसंबर 2023 को बहरौरा के क्रिकेट मैदान पर किया गया था। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में रेनू भारती जिला पंचायत सदस्य के प्रतिनिधि रामचरन भास्कर जी के द्वारा फीता काट के सुभारंभ किया गया था। प्रतियोगिता का फाइनल मैच आज 7 जनवरी 2024 दिन रविवार को टिकरी लोधौरा और बहरौरा की टीम के मध्य खेला गया। प्रतियोगिता के फाइनल मैच में पुनः मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि रामचरन भास्कर उपस्थित हुए। और खेलाडियो को उत्साहवर्धन करते हुऐ बधाई दी फाइनल मैच में टिकरी लोधौरा ने बहारौरा को 16 ओवर के मैच में 63 रन का स्कोर महज 3 विकेट खोकर शानदार तरीके से 10 ओवर में जीता। और दमदार प्राफोमेंस के लिए संजय सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया। ग्रामीण क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजक छोटेलाल गौतम, गौरव सिंह, कुलदीप यादव, मोहित लाला, के द्वारा बहरौरा प्रीमियम लीग का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिता में ग्राम प्रधान राखी कश्यप, प्रधान प्रतिनिधि राजेश कश्यप, ग्राम रोजगार सेवक राजेश कुमार, ग्राम रोजगार सेवक शिव बहादुर, ग्राम रोजगार सेवक अजीत कुमार, मनोज सिंह जिन्दाना, इंद्रजीत रावत, शिवपाल रावत, पंकज रावत, चंद्रशेखर रावत टैन्या, सरोज रावत, नौबस्ता एवम हजारों की संख्या में ग्रामवासी व छेत्रवासी सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मैगलगंज पुलिस ने डीजल चोर गिरोह का किया खुलासा भेजा जेल

द अचीवर टाइम्स



**लखीमपुर खीरी।** थाना मैगलगंज पुलिस ने डीजल चोरी गिरोह का खुलासा किया। चोरी किए गए डीजल व उपकरण तथा घटना में प्रयुक्त कार बरामद। चोरी की घटना में शामिल सहित 05 नफर अभियुक्तों को दबोचा भेजा जेल

पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाए। अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 07.01.2024 को थाना मैगलगंज पुलिस द्वारा रात्रि गस्त व चेकिंग अभियान के दौरान मारुति स्विफ्ट न. छ्रस्ञ्ष्ट 9827 के साथ डीजल चोरी करने वाले गिरोह के अभियुक्तगण 01.विकास सक्सेना पुत्र विजय सक्सेना नि0 ग्राम शामतगंज थाना सदर बाजार जनपद शाहजहापुर 02.राजवीर पुत्र रामभरोसे नि0 ग्रा. मैनिया थाना पुवाया जिला शाहजहांपुर 03.राजा पुत्र पप्पू नि0 टाउनहाल बाडूजयी थाना सदर बाजार जिला शाहजहांपुर 04.बलदीप राज पुत्र रामबाबू नि0 सैनी कालोनी थाना सदर बाजार जिला शाहजहांपुर 05.सुनील सिंह पुत्र गोवर्धन नि0 ओसरी थाना मैगलगंज जिला खीरी को मय चोरी किये गये डीजल व उपकरणों सहित समय गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना मैगलगंज पर मु0अ0सं0 03/024 धारा 401/413/411 भादवि पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।

एस के सिंह लखीमपुर खीरी

# एएसपी ने किया रेप! मुझे स्टडी मटीरियल देने के बहाने होटल में बुलाया

# बेहोश कर बनाए संबंध,पीड़िता की जुबानी

संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी पुलिस एक बार फिर दागदार हुई है। एक युवती ने एएसपी पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में एएसपी की पत्नी और दोस्तों पर धमकाने का आरोप है। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक युवती ने यूपी पुलिस के सोशल मीडिया सेल के प्रभारी एएसपी राहुल श्रीवास्तव पर दुष्कर्म करने और गर्भपात कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं। युवती के आरोपों पर गोमतीनगर विस्तार थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवती ने एएसपी के अलावा एएसपी की पत्नी, चार दोस्तों और अन्य पर धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले में इन सभी को आरोपी बनाया गया है। मामले की शिकायत पीड़िता




ने कई महीने पहले की थी, पर सोशल मीडिया पर गुहार के बाद अब एफआईआर दर्ज की गई है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्रा के अनुसार, फेसबुक के जरिए 2018 में राहुल श्रीवास्तव से जान- पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों की मुलाकात हुई थी। युवती ने दावा किया है कि तब वह नाबालिग थी। राहुल ने छात्रा को भरोसा दिया था कि वह सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास कराने में उसकी सहायता करेगा। इसलिए अक्सर स्टडी मटीरियल देने के लिए छात्रा को बुलाता था। छात्रा का आरोप है कि 2019 में राहुल ने स्टडी मटीरियल देने और रिसर्च वर्क कराने के बहाने एक होटल में बुलाया। वहां उसे नशीला पदार्थ पिला दिया। बेहोशी की हालत में दुष्कर्म कर अश्लील फोटो खींच ली। उन्हीं फोटो को दिखाकर ब्लैकमेल किया और कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पिछले साल अप्रैल में जब गर्भवती हुई तो राहुल ने एक अस्पताल में ले जाकर गर्भपात करवा दिया।

**शिकायत वापस लेने का बनाया दबाव**

छात्रा का आरोप है कि जब मामले की जानकारी राहुल की पत्नी मनिनि श्रीवास्तव (लखनऊ विवि में शिक्षिका) को हुई तो वह और राहुल के दोस्त सौरभ, सतीश, विक्रम, सिद्धार्थ व अन्य ने मिलकर उस पर महीनों पहले की गई शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया। जान से मारने व परिवार को झूठे केस में फंसा देंगे की धमकी भी दी गई।

**ट्वीट के बाद सक्रिय हुए अफसर**

छात्रा ने कई महीने पहले शिकायत की थी। वीमेन पावर लाइन में तैनात एसपी रवीना त्यागी प्रकरण की जांच कर रही थीं। कुछ दिन पहले छात्रा के बयान के कई वीडियो वायरल हुए। इसमें उसने आरोप लगाया गया था कि मामले में कार्रवाई नहीं हो रही। इसके बाद शुक्रवार को छात्रा ने एक्स पर पोस्ट किया। इसमें लिखा कि मामले में कार्रवाई नहीं हो रही है। अगर अब मुझे कुछ होता है तो पुलिस जिम्मेदार होगी। इस उच्चाधिकारी तत्काल सक्रिय हुए और शुक्रवार रात सवा बारह बजे केस दर्ज किया गया।

**साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं**

तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है। साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। गुण दोष के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। राहुल श्रीवास्तव की तैनाती एटीएस में है पर वह वर्तमान में पुलिस मुख्यालय से संबद्ध है। यहां उसे सोशल मीडिया सेल की जिम्मेदारी सौंपी गई है।- आशीष श्रीवास्तव, डीसीपी पूर्वी

**भरोसा है, सच सामने आएगा**

शिकायकर्ता ने मेरे खिलाफ लखनऊ विवि में अक्तूबर में एक फर्जी शिकायत की थी। इसमें खुद उन्होंने मेरे पति से किसी भी तरह के संबंध होने से नकारा था। पिछले कई महीने से मुझे और मेरी बेटियों पर एसिड अटैक करवाने व जान से मरवाने की धमकी दी जा रही है। मेरे परिवार को ब्लैकमेल किया जा रहा है। इसकी शिकायत नवंबर में पुलिस कमिश्नर से की थी। इसकी जांच वीमेन पावर लाइन ने की, जिसमें पूरे साक्ष्य दिए गए हैं। भरोसा है कि सच सामने आएगा।

## लोकसभा चुनाव- गुपचुप तरीके से प्रत्याशी घोषित कर रही है सपा, ये नाम हुए तय, कांग्रेस को मिलेंगी इतनी सीटें

संवाददाता

**लखनऊ।** इंडिया गठबंधन में सीटों का बंटवारा अभी तय नहीं हुआ है लेकिन सपा गुपचुप तरीके से प्रत्याशियों का चयन करना शुरू कर चुकी है। कांग्रेस को कितनी सीटें दी जाएंगी इस पर भी सपा मन बना चुकी है। इंडिया गठबंधन में सीटों के बंटवारे की तमाम अटकलों के बीच सपा खामोशी से अपने प्रत्याशियों को हरी झंडी दे रही है। फतेहपुर से प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल और कटेहरी से विधायक लालजी वर्मा का अंबेडकरनगर से चुनाव लड़ना तय माना जा रहा है।वर्मा बसपा सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे हैं। वहीं, गाजीपुर से सपा-बसपा गठबंधन से पिछला लोकसभा चुनाव जीते अफजाल अंसारी पर सपा इस बार दांव लगा सकती है। सूत्रों की मानें तो राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव राय का घोसी संसदीय सीट से चुनाव लड़ना तय है। इसी तरह से फर्रुखाबाद से डॉ. नवल किशोर शाक्य, फैजाबाद से पूर्व मंत्री अवधेश प्रसाद, कौशांबी से इंद्रजीत सरोज और बस्ती से राम प्रताप चौधरी के नाम करीब-करीब तय हैं। ये नेता अपने-अपने क्षेत्रों में जनता के बीच संपर्क भी कर रहे हैं। गोरखपुर से काजल निषाद और सलेमपुर से रमाशंकर विद्यार्थी का टिकट पक्का माना जा रहा है। उन्नाव से पूर्व सांसद अनु टंडन को लड़ाया जा सकता है। इसके अलावा पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव खुद कन्नौज से, शिवपाल यादव आजमगढ़, डिंपल यादव मैनपुरी, धर्मेंद्र यादव बदायूं, अक्षय यादव फिरोजाबाद और एसटी हसन मुरादाबाद से मैदान में उतरेंगे।

## एक नज़र

### शुक्रिया मोदी भाई जान अभियानः भाजपा कराएगी अहसास- मुस्लिमों के भी हैं राम, अल्पसंख्यक मोर्चा ने बनाई रणनीति



**लखनऊ।** इसी दोहे के सार को मंत्र बनाकर भाजपा 'शुक्रिया मोदी भाई जान अभियान' में जान फूंकेगी। मुस्लिम महिलाओं को लेकर 12 जनवरी से शुरू किए जा रहे इस अभियान के जरिये राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुस्लिम भागीदारी की रूप रेखा सुनिश्चित करने पर मंथन होगा। राम नाम जान्यो नहीं, जान्यो सदा उपाधि, कहि रहीम तिहिं आपुनो, जनम गंवायो वादि। अकबर के नवरत्नों में शुमार विख्यात कवि रहीम इस दोहे में कहते हैं कि जिसने राम का नाम धारण न कर अपने धन, पद और उपाधि को ही जाना और राम के नाम पर विवाद खड़े किये उनका जन्म व्यर्थ है। वे केवल वाद-विवाद कर अपना जीवन नष्ट करते हैं। इसी दोहे के सार को मंत्र बनाकर भाजपा 'शुक्रिया मोदी भाई जान अभियान' में जान फूंकेगी। मुस्लिम महिलाओं को लेकर 12 जनवरी से शुरू किए जा रहे इस अभियान के जरिये राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुस्लिम भागीदारी की रूप रेखा सुनिश्चित करने पर मंथन होगा। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से मुस्लिम महिलाओं के साथ शुक्रिया मोदी भाई जान अभियान 12 जनवरी से शुरू होगा। लखनऊ से शुरू हो रहे इस अभियान का नारा है 'ना दूरी है, ना खाई है, मोदी हमारा भाई है...'। हर जिले में इस अभियान के तहत सभाएं होंगी। अभियान में केंद्र सरकार की उन योजनाओं के बारे में बताया जाएगा, जिनसे मुस्लिमों को खास लाभ हुआ है। इसके अलावा तीन तलाक के मामले पर मुस्लिम महिलाओं को जोड़ा जाएगा और बताया जाएगा कि उसका कितना लाभ उन्हें हुआ। अभियान के जरिये बीजेपी ये जानना चाह रही है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुस्लिमों की क्या भागीदारी हो सकती है। सबसे बड़ा मंथन इस पर होगा कि मदरसों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से कैसे जोड़ा जाए। क्या कुछ मदरसों में दीप जलाने जैसा आयोजन किया जा सकता है या फिर मुस्लिम अपने आवास पर दीप जलाएं, ऐसा कुछ किया जा सके। हालांकि मोर्चा ने अक्षत वितरण में खुद को शामिल नहीं किया है पर इसी तरह का कोई कार्यक्रम करने की महिलाओं की तैयारी है। मोर्चा 12 जनवरी से शुक्रिया मोदी भाईजान अभियान का आगाज लखनऊ से कर रहा है। जिसमें हम प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मुस्लिम हित में लिए गए बड़े फैसलों के बारे में बताएंगे। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर यदि कोई मुस्लिम सकारात्मक पहल करता है तो इसमें बुराई क्या है। प्रत्येक संभावना पर मंथन होगा।

### अब 10 जनवरी तक बंद रहेंगे आठवीं तक के विद्यालय, नौ से 12 तक की कक्षाओं का बदला समय



**लखनऊ।** सभी सरकारी, गैर सरकारी व निजी विद्यालयों में प्री प्राइमरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यालय 10 जनवरी तक बंद रहेंगे जबकि नौवीं से 12वीं कक्षा तक के स्कूल सुबह 10 से तीन बजे तक संचालित होंगे। ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने आठवीं कक्षा तक के विद्यालयों में अवकाश को जारी रखा है। सभी सरकारी, गैर सरकारी व निजी विद्यालयों में प्री प्राइमरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यालय 10 जनवरी तक बंद रहेंगे जबकि नौवीं से 12वीं कक्षा तक के स्कूल सुबह 10 से तीन बजे तक संचालित होंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय संचालन होने के दौरान ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त व्यवस्था करनी होगी। विद्यालय प्रधानाचार्य व प्रबंधक की जिम्मेदारी होगी, कक्षा में तापमान सामान्य बनाए रखने के लिए हीटर व अन्य तरह की व्यवस्थाएं की जाएंगी। विद्यार्थियों पर यूनिफार्म पहनने का दबाव नहीं बनाया जाएगा। ठंड से बचाव के लिए बच्चे किसी भी तरह के गर्म कपड़े पहन सकेंगे। संभव हो तो विद्यालयों की कक्षाएं ऑनलाइन माध्यम से कराई जा सकती हैं।

### अरमान के गीतों पर झूमे लखनवी

एजेंसी

**लखनऊ।** युवा दिलों की धड़कन गायक अरमान मलिक के लाइव शो ने शनिवार को युवाओं की धड़कनें तेज कर दीं। 2024 में अरमान का पहला बड़ा लाइव शो लखनऊ के इकाना फुटबॉल स्टेडियम में हुआ। इस आयोजन में अमर उजाला मीडिया पार्टनर था। कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचे युवाओं ने अरमान के गानों का आनंद उठाया और जमकर थिरके। इस दौरान उनके पिता मशहूर म्यूजिक कंपोजर डब्बू मलिक भी स्टेज पर खड़े नजर आए। इस मेगा कॉन्सर्ट में शामिल होकर अपने पसंदीदा सिंगर अरमान मलिक को पास से देखने के लिए स्टेज के पास भीड़ जमा रही। इस दौरान स्टेज के नीचे से ही उनके साथ सेल्फी लेने के लिए युवक-युवतियां बेताब रहे। तुम्हें देखा तो ये समझा मैं क्यों दुनिया में आया हूं... गीत से अरमान ने शुरुआत की तो दर्शकों के शोर से स्टेडियम गूंज उठा। इसके बाद अरमान ने सब तेरा, वजह तुम हो..., बोल दो ना जरा... और हुआ है आज पहली बार... जैसे गाने सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

**लखनऊ।** इकाना में आयोजित कंसर्ट से पहले बॉलीवुड गायक अरमान मलिक ने अमर उजाला से विशेष बातचीत की। साथ ही शहर से जुड़ी बचपन की यादें भी साझा कीं।

## अपने गिरेबान में झांकें सपा प्रमुख, याद दिलाया मुलायम के आशीर्वाद देने का किस्सा

एजेंसी




**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के तंज करने पर जवाब दिया है। उन्होंने कहा सपा प्रमुख को सबसे पहले अपने गिरेबान मे झांककर देख लेना चाहिए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा तंज कसने पर मायावती ने सपा प्रमुख पर पलटवार करते हुए उन्हें मुलायम सिंह का पीएम मोदी को लोकसभा चुनाव 2019 में जीत का आशीर्वाद देने का किस्सा याद दिलाया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि सपा प्रमुख को सबसे पहले अपने गिरेबान में झांककर देख लेना चाहिए। उनका दामन भाजपा को बढ़ाने व उनसे मेलजोल के मामले में कितना दागदार है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सपा प्रमुख द्वारा भाजपा को संसदीय चुनाव जीतने से पहले व उपरान्त आर्शीवाद दिए जाने को कौन भुला सकता है और फिर भाजपा सरकार बनने पर उनके नेतृत्व से सपा नेतृत्व का मिलना-जुलना जनता कैसे भूला सकती है। 2. साथ ही, तत्कालीन सपा प्रमुख द्वारा भाजपा को संसदीय चुनाव जीतने से पहले व उपरान्त आर्शीवाद दिए जाने को कौन भुला सकता है। और फिर भाजपा सरकार बनने पर उनके नेतृत्व से सपा नेतृत्व का मिलना-जुलना जनता कैसे भूला सकती है। ऐसे में सपा साम्प्रदायिक ताकतों से लड़े तो यह उचित होगा। दरअसल, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को बलिया में एक कार्यक्रम में बसपा सुप्रीमो मायावती को गठबंधन में शामिल करने के सवाल पर कहा कि चुनाव के बाद की उनकी गारंटी कौन लेगा। उनका इशारा उनके पाला बदलने को लेकर था। लोकसभा चुनाव 2019 से पहले तत्कालीन सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने लोकसभा में सभी के सामने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनाव जीतने के लिए शुभकामनाएं दी थी। इन चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन कर लड़े थे इसके बावजूद दोनों मिलकर सिर्फ 15 सीटें ही जीत सके थे।

## धूप के साथ हुई दिन की शुरुआत, हवाओं में गलन बरकरार, मौसम विभाग ने जारी किए पूर्वानुमान

संवाददाता



**लखनऊ।** आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, शनिवार को गोरखपुर में अत्यधिक घना कोहरा होने के कारण दृश्यता शून्य तक पहुंच गई थी। रविवार का मौसम बीते दिनों की तुलना में बेहतर रहा। दिन की शुरुआत हल्की धूप के साथ हुई। राजधानी लखनऊ और उससे सटे हुए जिलों में कोहरे का असर नहीं रहा। हवाओं में ठंडक के बीच निकली हल्की धूप ने राहत देने का काम किया। पूर्वी और पश्चिमी यूपी के ज्यादातर जिलों में भी मौसम अपेक्षाकृत बेहतर रहा। हालांकि मौसम विभाग रविवार को बारिश से राहत के आसार जता रहा है। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार से फिर मौसम करवट बदल सकता है और कड़ाके की ठंड परेशान कर सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, शनिवार को गोरखपुर में अत्यधिक घना कोहरा होने के कारण दृश्यता शून्य तक पहुंच गई थी। आगरा में 30 मीटर, कुशीनगर में 50 मीटर, बहराइच में 60 व झांसी में 80 मीटर दृश्यता रही। इसके अलावा प्रदेश के कई इलाकों में कोहरा रहा। मुजफ्फरनगर और आगरा में सबसे ठंडे दिन रहे।

**इन इलाकों में कोहरे की चेतावनी**

अंबेडकरनगर, अमेठी, अमरोहा, अयोध्या, आजमगढ़, बदायूं, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, बिजनौर, चंदौली, देवरिया, फरूखाबाद, गाजीपुर, गोंडा, गोरखपुर, हरदोई, जौनपुर, कुशीनगर, लखीमपुरखीरी, लखनऊ, महाराजगंज, मऊ, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, प्रतापगढ़, प्रयागराज, रायबरेली, रामपुर, संतकबीरनगर, संत रविदास नगर, सहारनपुर, संभल, शाहजहांपुर, शामली, सिद्धार्थनगर, सीतापुर, सोनभद्र, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, उन्नाव, वाराणसी व आसपास के इलाकों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है।

## पुलिस में कंप्यूटर ऑपरेटर के 930, प्रोग्रामर के 55 पदों पर भर्ती शुरू, जारी हुआ लिंक, ऐसे करें आवेदन

संवाददाता




**लखनऊ।** भर्ती बोर्ड द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के पदों पर भर्ती होने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 वर्ष से अधिक और 28 वर्ष से कम होनी चाहिए। इसके लिए लिंक जारी हो गया है। प्रदेश पुलिस में कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के 930 और प्रोग्रामर ग्रेड-2 के 55 पदों पर सीधी भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने इसके लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष डीजी रेणुका मिश्रा ने बताया कि दोनों पदों पर महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों द्वारा आगामी 7 जनवरी से 28 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। इसके लिए लिंक जारी हो गया है। uppbpb.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। भर्ती बोर्ड द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए के पदों पर भर्ती होने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 वर्ष से अधिक और 28 वर्ष से कम होनी चाहिए। शैक्षिक अर्हता भौतिक शास्त्र और गणित विषय के साथ इंटरमीडिएट और कंप्यूटर में ओ लेवल की परीक्षा उत्तीर्ण निर्धारित की गयी है। इसी तरह कंप्यूटर प्रोग्रामर के पद के लिए 21 वर्ष से अधिक और 30 वर्ष से कम आयु होनी चाहिए। वहीं शैक्षिक अर्हता स्नातक और कंप्यूटर में ए लेवल की परीक्षा उत्तीर्ण होना निर्धारित की गयी है। दोनों का आवेदन शुल्क 400 रुपये निर्धारित किया गया है। आवेदन शुल्क जमा होने के बाद ऑनलाइन लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी इस संबंध में अधिक जानकारी भर्ती बोर्ड की वेबसाइट uppbpb.gov.in से प्राप्त कर सकते हैं।

## एटीएस में तैनात एएसपी पर दुष्कर्म और जबरन गर्भपात कराने का आरोप, पढ़ाई में मदद के बहाने था बुलाया




संवाददाता

**लखनऊ।** प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्रा के मुताबिक फेसबुक के जरिये वर्ष 2018 में राहुल श्रीवास्तव से जान-पहचान हुई थी। इसके बाद मुलाकात हुई। दावा है कि तब वह नाबालिग थी। एटीएस में तैनात एडिशनल एसपी राहुल श्रीवास्तव पर दुष्कर्म करने व गर्भपात कराने के आरोप में गोमतीनगर विस्तार थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। एएसपी की पत्नी, चार दोस्तों व अन्य पर धमकी देने का आरोप लगाया गया है। एफआईआर में इन सभी को आरोपी बनाया गया है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्रा के मुताबिक फेसबुक के जरिये वर्ष 2018 में राहुल श्रीवास्तव से जान-पहचान हुई थी। इसके बाद मुलाकात हुई। दावा है कि तब वह नाबालिग थी। राहुल ने भरोसा दिया था कि वह सिविल सर्विसेज की परीक्षा पास कराने में मदद करेंगे। इसलिए वह अक्सर स्टडी मटीरियल देने के लिए बुलाते थे। छात्रा का आरोप है कि वर्ष 2019 में राहुल ने स्टडी मटीरियल व रिसर्च वर्क कराने के बहाने एक होटल में बुलाया। यहां पर उसको नशीला पदार्थ पिला दिया। बेहोशी की हालत में दुष्कर्म कर अश्लील फोटो क्लिक कर लिए। फोटो के नाम पर ब्लैकमेल कर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पिछले साल अप्रैल में जब वह गर्भवती हुई तो राहुल ने एक अस्पताल में ले जाकर गर्भपात करवा दिया।

## 100 दिन का प्लान के साथ मैदान में उतरेगी कांग्रेस, प्रभारी बोले यूपी में ऐतिहासिक होगी राहुल की यात्रा

संवाददाता

**लखनऊ।** 14 जनवरी को मणिपुर से राहुल की यात्रा शुरू होगी। इस दिन हर जिले में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। हर जिले में मशाल न्याय यात्रा निकलेगी। 15 को अयोध्या जायेंगे। हर जिले में बैठक होगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और यूपी प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि हम पूरी तैयारी के साथ विपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। पार्टी प्रदेश में अपनी सक्रियता को बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि सहारनपुर से लखनऊ की यात्रा सफल रही है। हर वर्ग का समर्थन मिला है। साथ ही अगली यात्रा यात्रा की तैयारी शुरू हो गई है। भाजपा को सत्ता से हटाने का काम कांग्रेस ही करेगी। उन्होंने कहा कि यूपी में सवाद कार्यक्रम शुरू कर रहे हैं। इसके तहत शीर्ष नेतृत्व का संदेश हर कार्यकर्ता तक पहुंचाएंगे। आज इसकी शुरुआत हो रही है। राष्ट्रीय महासचिव ने बताया कि यूपी की टीम 100 दिन में हर दिन बेहतर कार्य करने का लक्ष्य रखा है। आज प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक होने जा रही है। इसके बाद जोनल बैठक होगी। संगठन को गतिशील बनाने का कार्य करेंगे। 11 से 18 तक कार्यशाला होगी। 14 जनवरी को मणिपुर से राहुल की यात्रा शुरू होगी। इस दिन हर जिले में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। हर जिले में मशाल न्याय यात्रा निकलेगी। 15 को अयोध्या जायेंगे। हर जिले में बैठक होगी। यह काम 24 तक खत्म होगा। 26 को न्याय यात्रा के समर्थन में ब्लाक लेवल से यात्रा निकलेगी। 24 से 25 फरवरी को राहुल गांधी को यात्रा यूपी में आएगी। उसमे सभी कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह यात्रा ऐतिहासिक होगी।

## अरमान मलिक के लाइव शो पर देर रात तक झूमे लखनवी

# सेल्फी लेने के लिए युवाओं में दिखी बेताबी

संवाददाता



**लखनऊ।** तुम्हें देखा तो ये समझा मैं क्यों दुनिया में आया हूं... गीत से अरमान ने शुरुआत की तो दर्शकों के शोर से स्टेडियम गूंज उठा। इसके बाद अरमान ने सब तेरा, वजह तुम हो..., बोल दो ना जरा... और हुआ है आज पहली बार... जैसे गाने सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। युवा दिलों की धड़कन गायक अरमान मलिक के लाइव शो ने शनिवार को युवाओं की धड़कनें तेज कर दीं। 2024 में अरमान का पहला बड़ा लाइव शो लखनऊ के इकाना फुटबॉल स्टेडियम में हुआ। इस आयोजन में अमर उजाला मीडिया पार्टनर था। कार्यक्रम में भारी संख्या में पहुंचे युवाओं ने अरमान के गानों का आनंद उठाया और जमकर थिरके। इस दौरान उनके पिता मशहूर म्यूजिक कंपोजर डब्बू मलिक भी स्टेज पर खड़े नजर आए। इस मेगा कॉन्सर्ट में शामिल होकर अपने पसंदीदा सिंगर अरमान मलिक को पास से देखने के लिए स्टेज के पास भीड़ जमा रही। इस दौरान स्टेज के नीचे से ही उनके साथ सेल्फी लेने के लिए युवक-युवतियां बेताब रहे। तुम्हें देखा तो ये समझा मैं क्यों दुनिया में आया हूं... गीत से अरमान ने शुरुआत की तो दर्शकों के शोर से स्टेडियम गूंज उठा। इसके बाद अरमान ने सब तेरा, वजह तुम हो..., बोल दो ना जरा... और हुआ है आज पहली बार... जैसे गाने सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

**हारने पर कॅरिअर खत्म नहीं, शुरू होता है - अरमान**

इकाना में आयोजित कंसर्ट से पहले बॉलीवुड गायक अरमान मलिक ने अमर उजाला से विशेष बातचीत की। साथ ही शहर से जुड़ी बचपन की यादें भी साझा कीं। उन्होंने कहा कि लखनऊ में इससे पहले कभी कोई परफॉर्मेंस नहीं दी। मैं यहां अपने प्रशंसकों से मिलना और उनके साथ गाना चाहता हूं। यही वजह है कि वर्ष 2024 का पहला शो इस शहर में रखा। अरमान ने बताया कि खुद के दम पर एक अलग पहचान बनाने के लिए अलग राह चुनी और घर का पहला गायक बनकर निकला। दस वर्ष की उम्र में मैंने रियालटी शो से शुरुआत की, जिसमें आठवें नंबर पर रहा। तभी से मेरा मानना है कि शो में हारने के बाद कॅरिअर खत्म नहीं बल्कि शुरू होता है। अरमान ने बताया कि अंग्रेजी, हिंदी और तेलुगु भाषा बोलना जानता हूं। दस से ग्यारह भाषाओं में गा लेता हूं। अभिनेता पंकज त्रिपाठी अभिनीत फिल्म मैं अटल हूं, में मैंने श्रेया घोषाल के साथ गाना गाया है। साथ ही मेरे कई एलबम जल्द आने वाले हैं।

## सम्पादकीय

# भारत की पहचान है सनातन, सनातन की छाया में ही अन्य धर्म सुरक्षित रह सकते हैं

सनातन धर्म अक्षयवट है जिसकी छाया में मनुष्यता सुरक्षित है। उसकी जड़ें जितनी गहरी हैं उसका विस्तार आकाश में भी उतना ही अपार है। उसके आदर्श काल्पनिक नहीं यथार्थपरक हैं। वह जड़ अथवा स्थिर नहीं है, गतिमान है और परिवर्तनशील है। सनातन धर्म के विरुद्ध विपक्षी नेताओं के बयानों की गाली गलौज भरी बौछारें देखकर पुरानी हिन्दी फिल्म का चर्चित गीत %अच्छों को बुरा साबित करना दुनिया की पुरानी आदत है% याद आता है। दुनिया की यह आदत रही होगी किन्तु भारतवर्ष की सनातन संस्कृति में उसकी मूलभूत विशेषता सहिष्णुता के कारण यह आदत कभी नहीं रही। गुलामी के काले दिनों में अंग्रेजों ने भारतवर्ष के धर्म, संस्कृति, शिक्षा आदि समस्त अस्मिता सूचक महान संदर्भों के विरुद्ध षड्यन्त्रपूर्वक विष उगलना प्रारम्भ किया। उनके इसी विष को यहाँ के कम्यूनिस्टों ने शिक्षा, साहित्य और कला के धरातल पर स्वतंत्र भारत में निरन्तर फैलाया और आज यही जहर राजनीतिक रोटियाँ सेंकने के लिए विपक्ष के कुछ नेता उगल रहे हैं। सनातन धर्म, समानता के खिलाफ है, वह कुष्ठ रोग की तरह है, उसे डेंगू मलेरिया और कोरोना की तरह मिटाना होगा- आदि अपमान सूचक वाक्य देश की फिजा में गूँजकर देश-विदेश में बसे एक अरब से अधिक सनातनी हिन्दुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करके उनकी सहिष्णुता का खुला मजाक उड़ा रहे हैं। उन्हें समर्थन देने वाले इसे अभिव्यक्ति की आजादी कह रहे हैं और इसका समर्थन कर रहे हैं। यदि स्वयं को चर्चा में लाने और मीडिया में छाने के लिए ऐसी अनर्गल बयानबाजी अभिव्यक्ति की आजादी है तो इस पर कठोर प्रतिबंध लगाये जाने पर विचार करना आज की बड़ी आवश्यकता बन गयी है क्योंकि ऐसे बयानों से विपक्ष को सत्ता मिले या न मिले किन्तु सामाजिक समन्वय, सद्भाव और सहयोग अवश्य क्षत-विक्षत होगा। समाज में संघर्ष बढ़ेगा। इसलिए ऐसे नफरत भरे बयानों पर नियंत्रण अनिवार्य है। सनातन धर्म भारतवर्ष का अपना धर्म है। उसके सिद्धान्त शाश्वत हैं और न केवल भारतवर्ष के लिए अपितु समस्त विश्व के कल्याण के लिए संकल्पित हैं। हजारों वर्ष पूर्व सनातन धर्म ने 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का उदार भाव व्यक्त किया और आज भी वह अपने धार्मिक अनुष्ठानों की समापन वेला में 'विश्व का कल्याण हो, प्राणियों में सद्भावना हो%- जैसे उद्घोष गुंजित कर अपनी मूल्य चेतना को स्वर देता है। प्रकृति के साथ उसकी गहरी रागात्मकता है जो नदी, सागर, पर्वत, वन, बादल, भूमि, वायु आदि में देवत्व का दर्शन कराती है और प्राकृतिक पर्यावरण की शुद्धता के लिए आवश्यक वातावरण का निर्माण करती है। सनातन धर्म के अद्वैत दर्शन ने मनुष्य के साथ-साथ जीवमात्र में परम सत्ता का दर्शन देकर पशु-पक्षियों, कीट-पतंगों तक की रक्षा का प्रावधान किया है। सनातन धर्म का प्रतिनिधि ग्रंथ श्रीमद्भगवदगीता ब्राह्मण, गाय हाथी, कुत्ता, चाण्डाल सब में एक ही ईश्वर की उपस्थिति निर्देशित कर जीवमात्र की समानता का शंखनाद करता है। वैदिक युग से लेकर आज तक उसका प्रवाह निर्बाध रहा है। शास्त्र और शस्त्र सनातन धर्म की दो सशक्त भुजाएं हैं। राम, कृष्ण और शिव उसके प्रतीक आदर्श हैं। भारत में हिमालय से लेकर कन्याकुमारी तक फैले छोटे-बड़े करोड़ों मंदिर, चैरे, चबूतरे उसके ऊर्जा केन्द्र हैं और असंख्य साधु-संन्यासी उसके संरक्षक हैं। उसे मिटाने की बात करना दिन में सपने देखने जैसा है। सनातनी धर्म की रक्षा के लिए प्राणों की बाजी लगाने में अग्रणी हैं। शकों और हूणों जैसे बर्बर आक्रान्ताओं पर विजय प्राप्त करने वाला सनातन धर्म गजनवी, गोरी, तैमूर, औरंगजेब, नादिरशाह और अहमदशाह अब्दाली जैसे आक्रान्ताओं से टकराकर भी नहीं टूटा। ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ आए पादरियों के कुचक्र और प्रलोभन उसे लुभा न सके। हजारों वर्ष के संघर्ष के बाद भी उसकी विजय-पताका सबसे ऊँची है। शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में स्वामी विवेकानन्द के व्याख्यान की सर्वस्वीकृति उसकी साक्षी है। सनातन दूर्वा है। उसमें दूर्वा की तरह झुककर पैरों तले रौंदे जाने पर भी अपने अस्तित्व को बचा ले जाने की अद्भुत क्षमता है। विधर्मी आक्रमणों और कुटिल षड्यंत्रों की कड़ी धूप में सूख जाने पर भी वह अवसर पाकर हरी हो उठती है। सनातन अमरवेल है। उसे अपने विस्तार के लिए कभी राजसिंहासन का सहारा नहीं लेना पड़ा। वह राजपुत्रों और राजवंशों से पोषण पाकर नहीं फैली। उसे अपने प्रसार के लिए आक्रमणकारी सैनिकों और सेवा का आडम्बर रचते प्रलोभनकारी व्यापारियों का सहारा नहीं लेना पड़ा। सनातन धर्म की अमरवेल अपने उदार चिन्तन और मानवीय मूल्यों के कारण बिना आश्रय के ही फल-फूल रही है। विश्व में प्रतिष्ठित हो रहे नए मंदिर इसके प्रमाण हैं। सऊदी अरब जैसे इस्लामिक देश में मंदिर निर्माण सनातन की नयी प्रतिष्ठा है। इस्कान द्वारा स्थापित कृष्ण मंदिरों की बढ़ती संख्या सनातन धर्म की अमर बेल का नूतन विकास है। सनातन धर्म अक्षयवट है जिसकी छाया में मनुष्यता सुरक्षित है। उसकी जड़ें जितनी गहरी हैं उसका विस्तार आकाश में भी उतना ही अपार है। उसके आदर्श काल्पनिक नहीं यथार्थपरक हैं। वह जड़ अथवा स्थिर नहीं है, गतिमान है और परिवर्तनशील है। उसमें अपने अंदर समय के साथ आने वाली विकृतियों को स्वयं दूर करने की अद्भुत क्षमता है। गति, परिवर्तन, परिष्करण, संशोधन उसके मूलतत्व हैं। इसलिए वह चिर पुरातन और नित नवीन है। उसकी पृष्ठभूमि में विराट इतिहास है और उसके समक्ष अनन्त भविष्य। सनातन मनुष्य की रचनात्मक प्रज्ञा का अक्षय प्रवाह है। नकारात्मक नारों का भ्रामक प्रचार उसे रोक नहीं सकता। विगत शताब्दियों में परतंत्रता जनित प्रभावों के कारण सनातन में आयी छुआछूत, पर्दा, बालविवाह, आदि विकृतियों पर विजय पाने की ओर सनातन का विजय-रथ निरन्तर अग्रसर है। सनातन को कोसकर समाज में जहर घोलने वाले इन तथाकथित बुद्धिजीवियों, समाज सुधारकों और नेताओं को यह नहीं भूलना चाहिए कि अब से लगभग पंद्रह सौ वर्ष पूर्व सम्राट हर्षवर्धन के समय में भारत भ्रमण पर आने वाले विदेशी चीनी यात्री हवेनसांग ने भारतीय समाज की जिस सुख, शान्ति, समृद्धि का उल्लेख किया है वह सनातन चिन्तन परम्परा की ही देन है। भारत सोने की चिड़िया सनातन व्यवस्था की छाया में ही रहा। अयोध्या नरेश सत्यवादी हरिश्चन्द्र को काशी के डोम ने खरीदा था इस संदर्भ से भी प्राचीन भारत में सनातन व्यवस्था में दलित समझे जाने वाले वर्ग की आर्थिक स्थिति का अनुमान करना चाहिए। लगभग सौ वर्ष पूर्व सवर्ण वर्ग में जन्मे महर्षि दयानन्द ने आर्यसमाज की स्थापना कर सनातन धर्म में संशोधन करते हुए अस्पृश्यता के अभिशाप को दूर करने की दिशा में देशव्यापी सार्थक प्रयत्न किये। कथित ऊंची जातियों में जन्म लेने वाले वीर सावरकर, महात्मा गाँधी, डॉ. हेडगेवार, प. श्रीराम शर्मा आचार्य आदि ने सनातन में आए सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए गंभीर प्रयत्न किये जिनका शुभ परिणाम स्वतंत्र भारत में धार्मिक, सामाजिक और संवैधानिक धरातल पर आज सबके सामने हैं। मंदिरों के द्वार सबके लिए खुले हैं। आज चाय की गुमठियों, होटलों और चाट के ठेलों पर खाने-पीने का सामान बनाने वालों की जाति नहीं पूछी जाती। सामाजिक समरसता के इन प्रयत्नजनित सकारात्मक परिवर्तनों ने सनातन को नई शक्ति दी है। जिन गाँवों-कस्बों में अभी भी हठपूर्वक छुआ-छूत जैसे अपराध यदि कुछ लोग कर रहे हैं तो उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाहियाँ हो रही हैं। जितना घना अंधेरा कल तक था उतना आज नहीं है। जो आज बचा है वहै कल नहीं रहेगा। इस आशा और विश्वास के साथ सनातन समाज आगे बढ़ रहा है। उसने तुलसीदास के उस रामराज्य की स्थापना को चुना है जिसमें चारों वर्णों के लोग राजघाट पर साथ-साथ स्नान करते हैं- किंतु सामाजिक समरसता के इस राजघाट का निर्माण दलित और सवर्ण की राजनीति करने वाले कुछ नेताओं को रास नहीं आ रहा है। वह उनकी आँख की किरकिरी बन रहा है क्योंकि इसके कारण उन्हें सत्ता स्वयं से छिटकती दिख रही है। उनकी बौखलाहट बढ़ रही है और वे वाणी का विवेक और संयम खोकर स्वयं को ही कोस रहे हैं। सनातन को कोसने वालों का मूल भी सनातन में ही है क्योंकि सनातन ही भारत की पहचान है। संसार के अन्य देश भारत की सनातन सांस्कृतिक विरासत यहाँ के मठों, मंदिरों, धर्म ग्रंथों, पर्व-उत्सवों, राम-कृष्ण आदि महापुरुषों से ही जानते हैं। सनातन है तो भारत है। सनातन नहीं तो भारत नहीं, भारत की पहचान नहीं। सनातन की छाया में ही भारत में अन्य धर्म सुरक्षित रह सकते हैं। विगत सात दशकों का इतिहास साक्षी है।

# आत्मनिर्भर भारत का आयुष अभियान

केंद्र सरकार ने आयुष को व्यापक आधार पर प्रोत्साहित किया है। आयुर्वेद दुनिया के लिए भारत की धरोहर है। इसके साथ ही अन्य चिकित्सा पद्धतियों की भी आवश्यकता रहती है। भारत में इन सबके समन्वय के साथ जन सामान्य को चिकित्सा का लाभ मिल सकता है। नरेन्द्र मोदी सरकार ने इस तथ्य को समझा है। उसी के अनुरूप अभियान शुरू किया है। आत्मनिर्भर भारत अभियान में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। भारत में जनसंख्या के अनुरूप चिकित्सकों की बहुत कमी रही है। इसके लिए आजादी के बाद ही विशेष कार्ययोजना की आवश्यकता थी। मगर इस पर वर्तमान केंद्र सरकार ने ध्यान देकर इस कमी को दूर करने पर ध्यान दिया। इसके लिए अभियान चलाया जा रहा है। अनेक राज्यों ने केंद्र के साथ बेहतर समन्वय किया। उन्होंने विगत कुछ वर्षों में बेहतर कार्य किया है। कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस सरकारों पर स्वास्थ्य क्षेत्र की अनदेखी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि देश में चिकित्सकों की कमी से सभी परिचित थे। लेकिन इस समस्या पर पूर्ववर्ती सरकारों ने ध्यान नहीं दिया। जबकि भविष्य उन समाजों का होगा जो स्वास्थ्य सेवा में निवेश करते हैं। इसके अंतर्गत नरेन्द्र मोदी ने गांधीनगर वैश्विक आयुष निवेश एवं नवाचार शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि आयुष के क्षेत्र में निवेश और इनोवेशन की संभावनाएं असीमित हैं और भारत में स्टार्टअप का स्वर्ण युग शुरू हो चुका है। कुछ समय पहले प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु के विभिन्न हिस्सों में चार हजार करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुये ग्यारह नए मेडिकल कॉलेजों का लोकर्पण किया था। इससे साफ है कि कोरोना महामारी से सबक लेते हुए सभी देशवासियों को समावेशी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए काम किया जा रहा है। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना के रूप में गरीबों के पास उच्च गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध है। देश में घुटना प्रत्यारोपण और स्टेंट की लागत पहले के मुकाबले एक तिहाई हो गई है। मेडिकल शिक्षा के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। सात वर्ष पहले 396 मेडिकल कॉलेज थे। पिछले सात वर्षों में ही यह संख्या बढ़कर करीब 600 हो गई है। यह 54 प्रतिशत की वृद्धि है। सात वर्ष फ्लड लगभग 82 हजार मेडिकल अंडर ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट सीटें थीं। पिछले सात सालों में यह संख्या बढ़कर करीब एक लाख 48 हजार सीटों पर पहुंच गई है। यह करीब 80 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। सात वर्ष पहले देश में सिर्फ सात एम्स थे। अब स्वीकृत एम्स की संख्या 22 हो गई है। चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए विभिन्न सुधार किए गए हैं। भारत को गुणवत्ता और सस्ती स्वास्थ्य सेवा की दिशा में बढ़ रहा है। इसी प्रकार नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश में एक साथ नौ जिलों में नए मेडिकल कॉलेजों का लोकार्पण किया था। इस कार्यक्रम का आयोजन सिद्धार्थ नगर में किया गया था। यह उत्तर प्रदेश के लिए राज्य के लिए ऐतिहासिक अवसर था। चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने, चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में मेडिकल कॉलेज निर्माण की योजना संचालित है। इस योजना को कोरोना कालखंड में भी तेजी से क्रियान्वित किया गया। इस कारण नौ जनपदों में मेडिकल कॉलेजों के निर्माण संभव हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पांच वर्ष में 33 मेडिकल कॉलेज निर्माण का कीर्तिमान बनाया है। गांधीनगर आयुष शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ और विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस अदनाम घेब्रेसस भी सहभागी थे। तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन देश के प्रमुख नीति निर्माताओं, उद्यमियों, निवेशकों, स्टार्टअप और अन्य राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय हितधारकों को नवाचार पर विचार किया गया। भारत को उद्यमिता के लिए वैश्विक जीवनदायिनी बनाने की दिशा में कार्य करने का निर्णय लिया गया।आयुष क्षेत्र में पहली बार इस प्रकार का शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया । नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कोरोना आपदा के दौरान निवेश शिखर सम्मेलन का विचार आया। सभी ने देखा कि कैसे आयुर्वेदिक दवाएं, आयुष काढ़ा और ऐसे कई उत्पाद लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक है। आयुष के क्षेत्र में निवेश और इनोवेशन की संभावनाएं असीमित हैं। आयुष दवाओं,पूरक और सौंदर्य प्रसाधनों के उत्पादन में अभूतपूर्व हुई हैं। सात वर्ष पहले आयुष सेक्टर तीन अरब डॉलर से भी कम था। आज यह बढ़कर 18 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। आयुष मंत्रालय ने पारंपरिक चिकित्सा के क्षेत्र में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं। कुछ दिन पहले अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के विकसित एक इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन किया गया था। भारत में स्टार्टअप का स्वर्ण युग शुरू हो गया है। देश में यह यूनिकॉर्न का युग है। वर्तमान वर्ष में अब तक भारत के 14 स्टार्टअप यूनिकॉर्न क्लब से जुड़ चुके हैं। डिप्लोमेट कॉन्क्लेव रिपब्लिक ऑफ कांगो, लेसोथो, माली, मैक्सिको, रवांडा, टोगो, मंगोलिया, बांग्लादेश, चिली, क्यूबा, गाम्बिया, जमैका, थाईलैंड, किर्गिस्तान, जिम्बाब्वे, कोस्टा रिका दूतावास और मानवीय सेवा, अमेरिकी दूतावास और अमेरिकी स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि अस्थायी भागीदार हुए। एफएमसीजी कॉन्क्लेव में प्रमुख मंत्रालयों और उद्योगों,उद्यमियों, स्टार्टअप,आयुष के वैश्वीकरण और योग प्रमाणन के बीच जी टू बी बातचीत हुई। आयुष निवेश और नवाचार शिखर सम्मेलन में नरेन्द्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख डॉ. टेड्रोस ऐडरेनॉम गैबरेयेसस का गुजराती नाम तुलसीभाई रखा। वह अपने को गुजराती मानते है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि तुलसी एक ऐसा पौधा है,जिसे आज की पीढ़ी भुला रही है लेकिन भारत में हर घर के सामने तुलसी का पौधा लगाना और उसकी पूजा करना पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी परंपरा रही है। तुलसी एक ऐसा पौधा है, जो भारत की आध्यात्मिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत आयुष मार्क विकसित कर रहा है। जो देश के गुणवत्ता वाले आयुष उत्पादों को प्रामाणिकता प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने पारंपरिक उपचार के लिए भारत आने वालों के लिए आयुष वीजा श्रेणी शुरू करने की भी घोषणा की। भारत के हर्बल प्लांट को ग्रीन गोल्ड की तरह हैं। प्राकृतिक संपदा को मानवता के हित में उपयोग करने के लिए सरकार हर्बल और मेडिसनल प्लांट के उत्पादन को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। मॉर्डन फार्मा कंपनियों और वैक्सीन मैन्यूफैक्चर्स को उचित समय पर निवेश मिलने का बहुत लाभ हुआ। अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के द्वारा विकसित एक ऊष्मायन केंद्र का उद्घाटन किया गया। मेडिसिनल प्लांट्स की पैदावार से जुड़े किसानों को आसानी से मार्केट से जुड़ने की सुविधा विकसित की जाएगी। सरकार आयुष ई-मार्केट प्लेस के आधुनिकीकरण और उसके विस्तार पर भी काम कर रही है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने भी पिछले ही हफ्ते अपने नियमों में आयुष आहार नाम की एक नयी श्रेणी घोषित की है। इससे हर्बल पोषक तत्वों की खुराक के उत्पादकों को बहुत सुविधा मिलेगी। हील इन इंडिया इस दशक का बहुत बड़ा ब्रांड बन सकता है। आयुर्वेद, यूनानी, सिद्धा आदि विद्याओं पर आधारित स्वास्थ्य केंद्र बहुत प्रचलित हो सकते हैं।

# समाज के सीसीटीवी में भेदभाव की धुंध

जीवन सदैव नियति के विधान से चलता है पर समाज के सीसीटीवी के अनोखे विश्लेषण है। यह मानता है कि बेटी विवाह के बाद माता-पिता के घर नहीं रुक सकती। माता-पिता को रखना केवल बेटों की जिम्मेदारी है। लड़की की कमाई से माता-पिता का जीवनयापन करना ठीक नहीं। आप किसी अनाथ को गोद लेकर उसका लालन-पालन करोगे तो वह खून के रिश्ते की तरह वफादार नहीं होगा। ऐसे अनेकों प्रश्न हैं जिन पर समाज सदैव अपना सीसीटीवी लगाए रखता है। विश्लेषण और मूल्यांकन समाज करता है। मगर अपेक्षित सहयोग समाज नहीं करता। समाज के सीसीटीवी में बहू की कमाई से घर चलाना ठीक नहीं है। कन्या संतति से वंश का आगे उद्धार नहीं हो सकता। यदि आपने परिस्थिति या मन के अनुरूप निर्णय लिए हैं तो वहां उनका अतिरिक्त मूल्यांकन होने लगता है। कई माता-पिता को समाज के इस सीसीटीवी के डर से बेटी का विवाह शीघ्र करना होता है। फिर भले ही उसकी क्षमताओं को मारा जाए। वह घर उसके अनुरूप उचित हो या न हो। बाद में वह लड़की भले ही घुट-घुट कर अपना दम तोड़ती रहे। कई बार अपनों और रिश्तेदारों के कहने में आकर खर्च करते-करते हम स्वयं पूरी तरह रंक बन जाते हैं और दुख की अवस्था में हमारा कोई सहयोगी नहीं होता। यदि कोई भी स्त्री भक्ति का मार्ग चुन ले और वह अपना अत्यधिक समय ईश भक्ति में लगा दे तो यही समाज उस पर उंगली उठाने लगेगा। इस समाज की घटिया सोच के कारण ही स्त्री शादी के बाद मायके में स्वयं को बोझ समझने लगती है। क्यों समाज की सोच जीवन में उलझनों को जन्म देती है और सुलझने का मार्ग क्यों नहीं सुझाती। समाज के दिखावे के चलते लोग महंगी-महंगी पार्टी करते हैं। शादी, बर्थडे पार्टी और सेलिब्रेशन में अनाप-शनाप रुपया खर्च किया जाता है। यह रुपया हम समाज में लोगों के इलाज, शिक्षा और उनके दुख को कम करने में नहीं लगाते। यह समाज दोहरा चरित्र निभाता है। कुछ समय झूठी तारीफ कर पुनः मीन-मेख निकालने लग जाता है। इस समाज के सीसीटीवी में आदर्श बेटे-बहू की संकल्पना है पर उन आदर्शों के साथ गृहस्थी का बोझ भी ढोना है। अत्यधिक अच्छाई की कीमत कभी-कभी आत्महत्या, घुटन, संत्रास, उत्पीड़न, अवसाद और खुद को रंक बनाकर भी अदा की जाती है। यह समाज आपके विवाह न करने, देरी से विवाह करने, प्रेम विवाह करने यानी हर स्थिति पर आपसे स्पष्टीकरण चाहता है। वह आपके परिस्थिति अनुरूप स्वतंत्र निर्णय का समर्थन नहीं करेगा पर कैमरे की चौकसी जरूर बढ़ाएगा। और उल्टे-सीधे विश्लेषण से सत्य से गुमराह करने में सहयोगी बनेगा। क्यों हमारा समाज लोगों के अतिरिक्त मूल्यांकन के पहले उनकी यथार्थ स्थिति को समझने का प्रयत्न नहीं करता। क्यों उनके उन्नति के सोपानों में सहयोगी नहीं होता। समय के अनुरूप निर्णय का भी स्वागत होना चाहिए। जीवन सदैव वैसा नहीं होता जैसा आप अपने सीसीटीवी में देखते है। हर व्यक्ति की अपनी परिस्थितियां, अपने भविष्य के लिए विचार या अपने स्वतंत्र निर्णय हो सकते हैं। समाज को समृद्धि, खुशहाली और सकारात्मक सोच में सहयोगी होना चाहिए, क्योंकि आप भी इसी समाज का अंग हैं। परिवर्तन संसार का नियम है, जिस कसौटी पर आज आप लोगों को तौल रहे हैं कल शायद उस तराजू में आपको भी खड़ा होना हो सकता है। समाज के सीसीटीवी से बुराई, आलोचना, नकारात्मकता और अतिरिक्त मूल्यांकन की धुंध समाप्त होनी चाहिए।

# सोना और कितना नीचे जाएगा, बहुमूल्य धातु की खोती जा रही चमक के मायने

बहुमूल्य धातु सोना इन दिनों अपनी चमक खोता जा रहा है। दो साल पहले उसने अपनी चकाचौंध से सभी को हैरान कर दिया था। उस समय सोना 55,000 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया था और लोगों की पहुंच से बाहर हो गया था। उसकी वजह थी कि उस समय दुनिया कोरोना की चपेट में थी और यह कहना मुश्किल था कि कल क्या होगा। सोने को संकट का साथी माना जाता है और युद्ध या अन्य परिस्थितियों में यह भरोसा दिलाता है। हाल ही में रूस और यूक्रेन के युद्ध के कारण सोने की कीमतों में चमक आई थी, लेकिन धीरे-धीरे वह अपने पुराने स्तर पर पहुंच गया, क्योंकि यूरोप और अमेरिका इससे कन्नी काट गए। सोना ने निवेशकों को कभी निराश भी नहीं किया। इसलिए दुनिया भर में निवेशक अपने पोर्टफोलियो में कुछ सोना जरूर रखते हैं। भारत में तो प्राचीन काल से लड़कियों को विवाह में सोना दिया जाता रहा है, ताकि उनका भविष्य सुरक्षित रहे। यहां गहने पहनने की पुरानी परंपरा रही है और इसे नारी सौंदर्य बढ़ाने का साधन माना जाता रहा है। आज भी भारत में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गहने बनते और पहने जाते हैं। यही कारण है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा सोना आयातक देश है। उसके आयात बिल का बड़ा हिस्सा विदेशों से सोने की खरीद में चला जाता है। सारी दुनिया के केंद्रीय बैंकों में सोना जमा रखा जाता है, ताकि आर्थिक उठापटक से बचा जाए। आपको याद होगा कि भारत ने अपनी गिरती हुई अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान में 46.91 टन सोना गिरवी रखा था, जिससे उसे उस समय 40 करोड़ डॉलर मिले थे। उसने ही देश को संकट से बचाया और वह दिन भी आया, जब मनमोहन सरकार ने 6.7 अरब डॉलर मूल्य का 200 टन सोना खरीदकर जमा किया। वह सोना ही भारत के विशाल विदेशी मुद्रा भंडार का आधार बना। दुनिया के कई देश समय-समय पर ऐसा ही करते हैं। उनके केंद्रीय बैंक कभी सोना खरीदते हैं, तो कभी बेचते हैं, जिसका बाजारों पर भी असर पड़ता रहता है। बहरहाल, अभी कोरोना महामारी का खतरा टला नहीं है, लेकिन पहले जैसा आतंक नहीं रहा और उद्योग-कारोबार ठप नहीं हुए। इसका सकारात्मक असर पड़ा है, जिसके नतीजे में सोने का भाव गिरने लगा। लेकिन अभी हाल में अमेरिकी अर्थव्यवस्था में सुधार के लक्षण दिखने लगे और डॉलर यूरो व पाउंड के मुकाबले मजबूत होने लगा। यह एक सामान्य-सी बात है कि जब डॉलर मजबूत होता है, तो सोना गिरने लगता है, क्योंकि निवेशक डॉलर में पैसे लगाते हैं। दूसरी ओर सरकारी बॉन्ड की यील्ड यानी मुनाफा बढ़ गया है। अमेरिका में ट्रेजरी बॉन्डों में निवेशक बहुत धन लगाते हैं। इसका ही असर है कि सोना गिरता जा रहा है। ताजा खबरों के मुताबिक, वहां सोना 1,900 डॉलर प्रति औंस से नीचे जा गिरा है और उम्मीद की जा रही है कि यह अपने बहुत पुराने स्तर 1,800 डॉलर प्रति औंस पर आ जाएगा। इस समय सोना अंतरराष्ट्रीय सटोरियों के रडार में नहीं है और वे इसमें ज्यादा निवेश नहीं कर रहे हैं। उनका ज्यादातर निवेश मुख्य रूप से डॉलर और सरकारी बॉन्डों में हो रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक, जिसे वहां फेड कहते हैं, अब काफी आक्रामक हो गया है और बढ़ती मुद्रास्फीति का मुकाबला करने के लिए वह ब्याज दरें बढ़ा सकता है। उसकी सख्त नीतियों का असर सोने की कीमतों पर पड़ेगा और वे गिरेंगी। इसके अलावा, चीन, जो सोने का दूसरा बड़ा खरीदार है और वहां की जनता बड़े पैमाने पर सोना तथा इसके गहने खरीदने लगी थी, अब इस समय कोरोना के कारण खरीदारी बहुत कम कर रही है। इससे सोने की मांग में काफी कमी आई है। कुछ अंतराष्ट्रीय जानकारों का कहना है कि इस साल के अंत में सोना 1,600 डॉलर प्रति औंस तक जा सकता है।

# राम मंदिर सम्बंधी विशेष लेख (सफला एकादशी)

**डा0 मुरली धर सिंह (शास्त्री)**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी कोई भी कार्य संकल्पित होकर करते है। इसलिए मैं व्यक्तिगत तौर पर भगवान शंकर का अवतार मानता हूं । हमारे प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी जी की दृढ़निश्चयात्मक कार्यशैली एवं संकल्प के कारण इनको मैं योगी भर्तृहरि जी महाराज का अवतार मानता हूं 22 जनवरी 2024 को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा0 नरेन्द्र भाई मोदी जी आमंत्रित किया गया है। यह आमंत्रण श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के पदाधिकारियों द्वारा किया गया है। उल्लेखनीय है कि श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास का गठन भारतीय संसद द्वारा न्यास अधिनियम 1882 के तहत फरवरी 2020 में किया गया है। उसके बाद इस ट्रस्ट में अनेक पूर्णकालिक महापुरूष रखे गये है जो इस राम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे है। इसमें हमारे केन्द्रीय सरकार एवं राज्य सरकार के अधिकारी भी पदेन सदस्य के रूप में रखे गये है। आज इस लेख लिखने का मुख्य उद्देश्य यह है कि आज से 15 दिन बाद लगभग 500 साल (496 वर्ष) बाद भगवान राम अपने जन्मस्थान के मंदिर में विराजमान होंगे। जो आगामी पौष शुक्ल, द्वादशी, विक्रम संवत् 2080, सोमवार (दिनांक 22 जनवरी, 2024) के शुभदिन, प्रभु श्रीराम के बाल रूप नूतन विग्रह को, श्रीराम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भगृह में विराजित करके प्राण-प्रतिष्ठा की जायेगी। इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनन्द का वातावरण होगा। ।। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का विवरण ।।

**मंदिर परम्परागत नागर शैली में निर्मित।**

मंदिर की लम्बाई (पूर्व-पश्चिम) 380 फीट चैड़ाई 250 फीट एवं ऊँचाई 161 फीट। तीन मंजिला मंदिर, प्रत्येक मंजिल की ऊँचाई 20 फीट, कुल 392 खम्भे, 44 दरवाजे। भूतल गर्भगृह-प्रभु श्रीराम के बाल रूप (श्रीरामलला) का विग्रह, प्रथम तल गर्भगृह-श्रीराम दरबार। कुल पाँच मंडप-नृत्यमंडप, रंग मंडप, गूढ़ मंडप (सभा मण्डप), प्रार्थना मंडप, कीर्तन मंडप। खम्भे, दीवारों में देवी-देवता तथा देवांगनाओं की मूर्तियाँ। प्रवेश पूर्व से, 32 सीढ़ियाँ (ऊँचाई 16.5 फीट) चढ़कर सिंहद्वार से होगा। दिव्यांगजन तथा वृद्धों के लिए रैम्प एवं लिफ्ट की व्यवस्था। चारों ओर आयताकार परकोटा (प्राकार) लम्बाई 732 मीटर, चैड़ाई 4.25 मीटर, परकोटा के चार कोनों पर चार मंदिर भगवान सूर्य, शंकर, गणपति, देवी भगवती, परकोटे की दक्षिणी भुजा में हनुमान एवं उत्तरी भुजा में अन्नपूर्णा माता का मंदिर। मंदिर के समीप पौराणिक काल का सीताकूप। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मन्दिर-महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वसिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज गुह, माता शबरी एवं देवी अहिल्या। दक्षिणी-पश्चिमी भाग में नवरत्न कुबेर टीले पर स्थित शिव मंदिर का जीर्णोद्धार एवं रामभक्त जटायु राज प्रतिमा की स्थापना होगी। इस मंदिर के उद्घाटन की घड़ी आ गयी है तथा इस तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा लोगों को निमंत्रण कार्ड भेजे जा रहे है इस कार्ड में मुख्य रूप से मा0 प्रधानमंत्री जी के नाम तथा मा0 मोहन भागवत जी सरसंघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मा0 श्रीमती आनन्दीबेन पटेल जी महामहिम उत्तर प्रदेश, मा0 योगी आदित्यनाथ जी मुख्यमंत्री उ0प्र0, पूज्य संत एवं महंत नृत्यगोपाल दास जी महाराज अध्यक्ष श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास का नाम अंकित है तथा जन्मभूमि का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 11 बजकर 30 मिनट से 12 बजकर 30 मिनट तक मंगल विधि से गर्भ गृह में होगा तथा 12 बजकर 30 मिनट से महानुभावों का उद्बोधन भी होगा। इस निमंत्रण कार्ड में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के अध्यक्ष श्री पूज्य नृत्यगोपाल दास जी अतिरिक्त श्री चम्पत राय जी महामंत्री, स्वामी गोविन्द देव गिरि जी महाराज कोषाध्यक्ष, स्वामी वासुदेवानन्द सरस्वती जी महाराज, स्वामी विश्वप्रपन्न तीर्थ जी महाराज, स्वामी युगपुरूष परमानन्द जी महाराज, महंत दिनेन्द्र दास जी महाराज, पद्मश्री के पारासरन वरिष्ठ अधिवक्ता मा0 सर्वोच्च न्यायालय, मा0 विमलेन्द्र प्रताप मिश्र, श्री नृपेन्द्र मिश्र पूर्व वरिष्ठ नौकरशाह/अध्यक्ष मंदिर निर्माण समिति डा0 अनिल मिश्र, श्री कामेश्वर चैपाल जी का नाम अंकित है। इस राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्यता से मनाने हेतु केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के निर्देश है तथा इस सम्बंध में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वयं समीक्षा की जायेगी तथा इसी की कड़ी में आगामी 9 जनवरी 2024 को समीक्षा प्रस्तावित है। न्यास द्वारा प्रस्तावित निमंत्रण में राम जन्मभूमि के महान संतों एवं महान महापुरूषों को याद किया गया, जिसमें पूज्य महंत श्री अभिराम दास जी महाराज, पूज्य देवरहा बाबा जी महाराज, पूज्य अवैद्यनाथ जी महाराज, पूज्य रामचन्द्र परमहंस की महाराज, पूज्य जगतगुरू विश्वदेव तीर्थ जी महाराज, पूज्य स्वामी सतानन्द जी महाराज, पूज्य स्वामी शिवरामाचार्य जी महाराज, पूज्य श्री विश्वतीर्थ जी महाराज, पूज्य स्वामी बीतराज, पूज्य स्वामी बामदेव जी महाराज, पूज्य स्वामी सत्यमित्रा जी गिरि महाराज के अलावा श्री ओंकार भावे, श्री के0के0 नायर, ठाकुर गुरूदत्त सिंह, श्री गोपाल सिंह विसारत, श्री दाउदयाल खन्ना, श्री देवकीनन्दन अग्रवाल, श्री विष्णुहरि डालमिया, श्री मधुकर दत्तात्रेय देवरस, प्रो0 राजेन्द्र सिंह उर्फ रज्जू भइया, श्री मोरोपंत पिंगले, डा0 अशोक सिंघल जी सहित अनेक पूज्य महापुरूषों का उल्लेख किया गया है। हालांकि राम जन्मभूमि आंदोलन में करोड़ों लोगों का त्याग तपस्या है, पर यह आंदोलन हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मा0 नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में जब सरकार बनी तब 9 नवम्बर 2019 को मा0 सर्वोच्च न्यायालय के 1024 पेज के जजमेंट के बाद मंदिर निर्माण का रास्ता साफ हुआ तथा इसका शिलान्यास/भूमिपूजन मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा दिनांक 5 अगस्त 2020 को किया गया। जहां तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति एवं मुख्यमंत्री योगी के प्रति मेरे निजी विचार है। मोदी जी को वर्ष 1989 से जानता हूं एवं योगी जी को 1994 से जानता हूं। मोदी जी जब वह रथयात्रा के समय मा0 आडवाणी जी के साथ थे। इन महापुरूषों से मेरी मुलाकात ललितपुर जनपद में तैनाती के समय माता किला डैम के निरीक्षण गृह में अक्टूबर माह में 1989 हुई थी। उसी तरह हमने देखा कि मोदी जी जो संकल्प लेते है उसको पूरा करते है चाहे काशी विश्वनाथ मंदिर का काशी विश्वनाथ मंदिर गलियारा हो या उज्जैन का महाकाल लोक मंदिर हो तथा केदारनाथ का शिव मंदिर हो। ये बड़े संकल्प के साथ काम करते है उसी कड़ी में भारत के गौरव देव श्री रामलला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आ रहे है इसलिए इनको मैं अपने व्यक्तिगत तौर पर भगवान शंकर का साक्षत अवतार मानता हूं तथा यह भी अवगत कराना है कि योगी आदित्यनाथ जी गोरखपीठ के पीठाधीश्वर है तथा उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री है। आपके नेतृत्व में जब से सरकार बनी तब से आगमन सहित अनेक मिथकों को तोड़ा और मेरा गोरक्षनाथ पीठ के पूज्य पीठाधीश्वरों पूज्य महंत श्री दिग्विजय नाथ जी, पूज्य श्री अवैद्यनाथ जी के कार्यकाल मठ में जाना आना रहा तथा पूज्य योगी जी के उस पीठ के उत्तराधिकारी बनने पर 1995 से मठ में आना जाना रहा तथा सेवाकाल में गोरखपुर में भी तैनात रहा और अयोध्या एवं उज्जैन को बनाने में महाराजा विक्रमादित्य जी का उल्लेख किया जाता है।

# 11 वर्षीय बालक की मौत का दिल दहलाने वाला खुला राज

❖ कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन पर कटनी पुलिस ने 11 वर्षीय बालक के हत्यारे को 24 घंटे के अंदर धर दबोचा



**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**

**मध्य प्रदेश,कटनी।** जिले में अपराधों में नियंत्रण एवं अपराधो का त्वरित निराकरण हेतु समय समय पर जिले के सभी थाना प्रभारियों को कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा निर्देश दिए जाते रहे है इसी तारतम्य में दिनांक 05/01/2024 को सूचनाकर्ता रामनाथ यादव पिता रामसेवक यादव उम्र 34 वर्ष नि. ग्राम भनपुरा न.1 पुलिस चौकी निवार थाना माधवनगर द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई की इसका 11 वर्षीय बालक (गुम बालक) यादव दिनांक 04/01/2024 को सुबह 10ः00 बजे घर से गांव में खेलने का बोलकर गया था शाम तक गुम बालक के घर वापस नहीं आने पर गुम बालक की तलाश परिजनों द्वारा दड्डु1 एवं आसपास के छेत्रों में को गई किंतु उक्त दिनांक को गुम बालक की जानकारी नहीं मिली किन्तु परिजनों को इतनी जानकारी मिली की दिन में 01ः00 बजे के लगभग गांव के राहुल कोरी की मोटर साइकिल के पीछे गुम बालक को बैठा हुआ नदी की तरफ जाते देखा गया था लेकिन उसके बाद से गुम बालक का पता नही चला। दिनांक 05/01/2024 को सूचनाकर्ता रामनाथ यादव की रिपोर्ट पर थाना माधवनगर में अपराध क्र. 10/24 धारा 363 भारतीय दण्ड संहिता का कायम किया जाकर वरिष्ठ अधिकारियों को उक्त घटना की जानकारी से अवगत कराया गया चूंकि घटना गंभीर थी और 11 वर्ष के बालक का इस तरह से गुम जाने से जिले के संवेदनशील कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए गुमशुदा की तुरंत तलाश करने हेतु आदेश दिया गया था इस तरह अवयस्क बालक के गुमने पर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एवं अति. पुलिस अधीक्षक कटनी मनोज केडिया के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा कटनी के निर्देशन में थाना प्रभारी माधवनगर एवं उनकी टीम ने ग्रामीण जानो के साथ मिलकर गुमशुदा बालक की सधन तलाश करने पर दिनांक 06/01/2024 को रमेश कुशवाहा के खेत से लगी सिमरार नही के किनारे गुमशुदा बालक का शव नदी के किनारे गड्ढा कर मिट्टी से ढका पाया गया उक्त जानकारी की सूचना पर तत्काल पुलिस अधीक्षक नगर पुलिस अधीक्षक तथा स्न.स.रु जबलपुर की टीम मौके पर आई तथा वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में पुलिस द्वारा मृतक बालक के परजनो की उपस्थिति में गड्ढा खोदकर शव को बाहर निकाला जाकर गुम बालक विनीत के रूप में शव की पहचान की गई मौके पर ही शव पंचनामा कार्यवाही कर शव को पोस्ट मार्टम हेतु जिला चिकित्सालय कटनी भेजा गया घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक टीम पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तुरंत ही संदिग्ध राहुल कोरी जो की रमेश कुशवाहा के खेत में ठेके से खेती करता है को हिरासत में लेकर अभी तक घटना में उपस्थित साक्ष्य के परिप्रेक्ष्य में वैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर संदेही राहुल कोरी ने जो घटना बताई वो दिल दहला देने वाली बताई। पूछताछ पर संदेही राहुल ने बताया की दिनांक 04/012024 को दिन में 1 बजे के लगभग वो गुम बालक और एक अन्य बालक को अपनी मोटर साईकिल में बैठकर अपने खेत में ले गया खेत में बनी झोपड़ी में एक अन्य बालक और गुम बालक को अपना मोबाइल फोन दे दिया कुछ देर बाद जब गुम बालक शौच करने खेत से लगे नदी किनारे गया तो वहां पहले से उपस्थित संदेही राहुल ने गुम बालक के साथ अप्राक्तिक यौन संबंध बनाया उक्त अप्राक्तिक घटना से मृतक घबरा गया और उसने अपने घरवालों को उक्त बात बताने का बोला तो संदेही घबरा गया और अपनी तथाकथित मान प्रतिष्ठा के खोने के दर से उसने नाबालिक बालक की गला मुंह एवम नाक दबाकर हत्या कर दी और साक्ष्य छिपाने की नियत से वही नदी किनारे गड्ढा खोदकर शव को गड़ा दिया। कार्यवाही में योगदान चौकी प्रभारी निवार उनि गणेश विश्वकर्मा सउनि कमलेश्वर शुक्ला प्र.आर. गौरव आशीष दुबे अविनाश मिश्रा आर. अरविंद आर. वकील एवम मणी द्वारा उपरोक्त सनसनीखेज अंधे हत्याकांड को रिपोर्ट करने के 24 घंटे के अंदर सुलझाने एवं पर्दाफाश करने में उल्लेखनीय कार्य किया।

# उपजिलाधिकारी व पुलिस की निगरानी में कब्र से निकाला गया युवक का शव

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता कुन्दन सिंह**



**हसनगंज उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी अनुसूचित जाति के युवक का 24 नवंबर को घर से पचास मीटर दूर किशोरी के अधबने कमरे मे किशोरी के दुपट्टे के फंदे से लटका कर हत्या करने का आरोप लगाया गया था।हत्या की पिता पुत्री पर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद आई जी ने सहित हरदोई एडिशनल, रायबरेली सीओ सहित एसआई टी (स्पेशल इनवेस्टीगेशन)टीम ने घटना स्थल पर पहुंच जॉच कर मृतक के परिजनों के बयान दर्ज किए थे। कोतवाली क्षेत्र की एक गांव निवासी राम प्रसाद रावत का लड़का दीपक 22 वर्ष का पड़ोसी सजातीय किशोरी के अधबने कमरे में 24 नवंबर को शव लटका मिला था। मृतक के पिता ने पिता पुत्री पर हत्या का आरोप लगाकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन पुलिस की ओर से कार्यवाही न होते देख मृतक के पिता ने उच्च न्यायालय की शरण ली थी और प्रार्थना पत्र दिया था न्यायालय ने डीजीपी को तलब कर पिता पुत्री पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए थे व एस आई टी टीम से जॉच रिपोर्ट मांगी थी 05/01/2024 को घटना स्थल पर आई जी तरण गाबा , हरदोई एडिशनल न्रपेंद्र सिंह ,रायबरेली सीओ शेष मणि उपाध्याय ,सहित एसआईटी टीम के इंस्पेक्टर इंद्र पाल सेंगर, जितेंद्र कुमार, दरोगा सदाकत हुसैन ने जांच कर घटना स्थल को देखा था वहीं आज न्यायालय के निर्देशानुसार शव को निकाला गया और दुबारा पोस्मार्टम के लिए भेजा गया जिसमें उपजिलाधिकारी नवीन चन्द्र व पुलिस बल मौजूद रहा।

## एक नज़र

### कटनी कलेक्टर ने किया ढीमरखेड़ा क्षेत्र का भ्रमण

**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**



**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद ने ढीमरखेड़ा क्षेत्र के भ्रमण किया भ्रमण के दौरान अगले पड़ाव में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन केन्द्र कचनारी का निरीक्षण किया, जहां धान की सुरक्षा के बेहतर प्रबंधन की वजह से असमय बारिश के बाद भी धान नहीं भींगी। कलेक्टर श्री प्रसाद ने स्वयं अपने समक्ष माइस्चराइजर मीटर से धान में की नमी की मौजूदगी की जांच कराई। जो शासन द्वारा तय मानक के अनुरूप माइस्चराइजर मीटर में 17 से कम पाई गई।

### कैपिटल हॉस्पिटल का जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर ने फीता काट कर किया शुभारंभ



**द अचीवर टाइम्स**

**हापुड़।** रविवार को बुलंदशहर रोड पर उच्च तकनीक एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कैपिटल हॉस्पिटल का जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नगर ने फीता काट कर शुभारंभ किया। तो वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष ने अस्पताल संचालक से मजदूर,गरीब और जरूरतमंद लोगों का कम पैसों में उत्कृष्ट इलाज करने का आग्रह करते हुए हॉस्पिटल के संचालक डॉ फिरोज खान को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य इसतै प्रधान सहित सभी हॉस्पिटल स्टाफ के कर्मचारी उपस्थित रहे।

### घर घर बांटे गए अयोध्या से आये पूजित अक्षत निवेदन पत्र



**द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला**

**रामनगर बाराबंकी।** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या जी से आए पूजित अक्षत निवेदन पत्र एवं मंदिर के चित्र का वितरण रामनगर कस्बे के अंतर्गत राम भक्तों की टोली के द्वारा घर-घर जाकर किया गया। घर-घर अक्षत व निवेदन पत्र नगरवासियो को बांटा । बता दे आगामी पौष शुक्ल द्वादशी विक्रम संवत 2080 दिन सोमवार 22 जनवरी के शुभ दिन प्रभु श्री राम के बाल रूप नूतन विग्रह को, श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भ ग्रह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसी क्रम में तमाम विहिप व आर एस एस के कार्यकर्ताओं की टोली के द्वारा घर-घर जाकर ग्रामीणों को यह बताया जा रहा है की 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी आप लोग अपने घर पर दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाये। इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनंद का वातावरण होगा।आप भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन सुबह 11 बजे से दोपहर के 1 बजे के मध्य अपने ग्राम मोहल्ले कॉलोनी में स्थित किसी मंदिर मे आस पड़ोस के राम भक्तों को एकत्रित करके भजन कीर्तन करें। टेलीविजन अथवा कोई पर्दा स्क्रीन लगाकर अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह समाज को दिखाएं।शंख ध्वनि, घंटानाद,आरती करें और प्रसाद वितरण करें। कार्यक्रम का स्वरूप मंदिर केंद्रित रहे। अपने मंदिर में स्थित देवी देवता का भजन कीर्तन आरती पूजा तथा श्री राम जय राम जय राम विजय महामंत्र का 108 बार सामूहिक जाप करें। इसके साथ हनुमान चालीसा सुंदरकांड राम रक्षा स्त्रोत आदि का सामूहिक पाठ भी कर सकते हैं। सभी देवी देवता प्रसन्न होंगे और सम्पूर्ण वातावरण सर्वत्र सात्विक एवं राममय हो जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा समारोह दूरदर्शन द्वारा सीधे प्रसारित किया जाएगा।अनेक चैनलों के माध्यम से भी प्रसारण किया जाएगा।प्राण प्रतिष्ठा के दिन सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए दीपक जलाएं दीपमालिका सजाये विश्व के करोड़ों घरों में 22 जनवरी को दीपोत्सव मनाया जाएगा उक्त बातें विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री डॉ राजेंद्र प्रसाद व विहिप जिला मंत्री राहुल कुमार वर्मा ने कही।

कस्बे में चलाएंगए अभियान में विभाग मंत्री डॉ राजेंद्र प्रसाद जिला मंत्री राहुल कुमार खंड कार्यवाह दीपक गोलू तिवारी मानस मिश्रा रामप्रकाश श्रीवास्तव की टोली ने घर घर अक्षत वितरण की।

# लोहड़ी उत्सव में पहुँची नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी, दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत



**द अचीवर टाइम्स**

**हापुड़।** किठौर रोड स्थित राघव रिजेंसी में पंजाबी सभा समिति द्वारा आयोजित लोहड़ी उत्सव कार्यक्रम में हापुड नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची और दीप प्रज्वलित कर धूमधाम से लोहड़ी उत्सव मनाया गया। तो नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने कहा कि लोहड़ी का पर्व सुख समृद्धि व खुशियों का प्रतीक है लोग इस त्यौहार को मिलजुल कर मनाते हैं और खुशियों के गीत गाते हैं और किसान अपनी नई फसलों को अग्नि में समर्पित करते हैं। जहाँ पंजाबी सभा समिति के सभी पुरुष व महिला डीजे की धुन पर थीरकते हुए नजर आए। तो कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए समिति द्वारा सभी सदस्यों एवम अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए शुभकामनाए दी।इस मौके पर संजय सोढ़ी,सौरव सिक्का,एकलव्य सहारा, बबलू त्यागी,अखिलेश,एलिस एवम पंजाबी समाज के समस्त लोग उपस्थित रहे।

# सामूहिक दुष्कर्म के बाद किशोरी की हत्या, नदी किनारे मिला शव

**बाराबंकी।** सीतापुर से 25 दिन पहले लापता हुई एक किशोरी का शव शनिवार रात शहर कोतवाली क्षेत्र में रेठ नदी के किनारे मिट्टी में दबा मिला। सीतापुर पुलिस ने हत्या में शामिल दो युवकों की निशानदेही पर शव बरामद करने के बाद बाराबंकी में पोस्टमार्टम कराया। दोनों युवक किशोरी को नौकरी का लालच देकर पहले लखनऊ ले गए फिर बाराबंकी में ही एक ईट-भट्ठे पर करीब नौ दिन तक बंधक बनाए रखा। जिले के मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के एक गांव की 17 साल की किशोरी कुछ दिन से सीतापुर जिले के महमूदाबाद में किराए पर रहकर कहीं नौकरी करती थी। बीते 14 दिसंबर को किशोरी ने परिजनों से मोबाइल पर बताया था कि बाराबंकी आ रही है लेकिन शाम छह बजे उसका मोबाइल बंद हो गया।

# कलेक्टर ने परिवहन कार्य में तेजी लाने के दिए निर्देश

## धान उपार्जन कार्य की कलेक्टर ने की समीक्षा

**द, अचीवर टाइम्स से पप्पू उपाध्याय**



**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में धान उपार्जन कार्य की समीक्षा के दौरान खराब मौसम की वजह से हो रही असमय बारिश को देखते हुए अधिकारियों को परिवहन कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री प्रसाद ने धान उपार्जन केंद्रों में बारदानों की उपलब्धता और परिवहन कार्य में गति लाने के नजरिए से मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के लिए अपर कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर को निर्देशित किया।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने पहले ही असमय हो रही बारिश के मद्देनजर धान की सुरक्षा हेतु खरीदी केंद्रों में तिरपाल आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दिया था। बैठक में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद कुमार चतुर्वेदी और ट्रांसपोर्टर्स सहित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी मौजूद रहे।

252 करोड़ का हुआ भुगतान- बैठक में बताया गया कि अब तक 35 हजार 450 किसानों से 3 लाख 21 हजार 932 मेट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। साथ ही उपार्जित धान का किसानों को अब तक 252 करोड़ रुपए का भुगतान भी किया जा चुका है।

# कलेक्टर ने दिगंबर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन

❖ बढाया छात्र-छात्राओं का हौसला, दी शाबाशी

**प्रादेशिक संवादाता पप्पू उपाध्याय**



**मध्य प्रदेश,कटनी।** कटनी कलेक्टर अवि प्रसाद ने दिगंबर जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे शिक्षा शोध समिति द्वारा यहां आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय अंतर्शालेय विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा वैज्ञानिक गतिविधियों का प्रदर्शन करने वाले रोचक और आधुनिक मॉडल का प्रदर्शन किया गया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने छात्रों द्वारा प्रस्तुत विज्ञान आधारित मॉडल तैयार करने के लिये छात्रों की हौसलाअफजाई कर, उन्हे शाबाशी दी , छात्रों द्वारा निर्मित विज्ञान माडल की सराहना किया और उन्हें वैज्ञानिक सोच के लिये प्रेरित भी किया। विज्ञान प्रदर्शनी में जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने शानदार और ज्ञानवर्धक प्रोजेक्टों का विज्ञान प्रदर्शनी में प्रदर्शन किया। कलेक्टर ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों को अपनी सोच निखारने का अवसर मिलता है। साथ ही एक-दूसरे स्कूलों के छात्र-छात्राओं से मिलने पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले विचारों का आदान-प्रदान होता है। जिससे उनका हौसला बढ़ता है और छात्रों में सीखने की ललक और लगन बढ़ती है। कलेक्टर ने छात्रों की विज्ञान के प्रति रूचि की सराहना की। इस मौके पर शिक्षा शोध समिति के अध्यक्ष मुकेश चंदेरिया, सचिव वंदना गेलानी, कोषाध्यक्ष महावीर तोमर सहित शिक्षा शोध समिति परिवार की सदस्य शालिनी सोनी,अर्चना चंदेरिया, प्रिया श्रीवास्तव, आकांक्षा बरसैया, नमिता विश्वकर्मा विकास जैन व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मुख्तार अंसारी के करीबी अफरोज के मकान व जमीन होगी कुर्क

**बाराबंकी।** माफिया मुख्तार अंसारी के करीबी अफरोज खान उर्फ चुन्नू की करीब डेढ़ करोड़ रुपये की संपत्ति पुलिस कुर्क करेगी। डीएम ने कुर्की का आदेश जारी कर दिया है। जल्द ही संयुक्त टीम लखनऊ में जाकर कार्रवाई करेगी। 21 मार्च 2013 को एक एंबुलेंस यूपी एटी 7171 एआरटीओ ऑफिस में फर्जी दस्तावेज से पंजीकृत कराई गई। 31 मार्च 2021 को यह एंबुलेंस मुख्तार द्वारा पंजाब की रोपड़ जेल में बंद रहने के दौरान प्रयोग करते पाई गई। दो अप्रैल 2021 को बाराबंकी के तत्कालीन एआरटीओ पंकज सिंह ने मऊ की डॉ. अलका राय के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कराया। चार जुलाई 2021 को पुलिस ने इस मामले में मुख्तार अंसारी, डॉ. अलका राय व अफरोज खान उर्फ चुन्नू समेत 13 खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

# पिलखुवा मंडल अध्यक्ष अंशुल मित्तल का युवा टीम द्वारा किया स्वागत



**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**

**हापुड़।** भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त पिलखुवा मंडल अध्यक्ष अंशु मित्तल को पार्टी हाई कमान द्वारा मनोनीत किया गया। तो वही अंशुल मित्तल को युवा टीम द्वारा फूल माला पहनाते हुए गुलदस्ता भेट कर व मिठाई खिलाकर उनका हार्दिक स्वागत किया दौरा। इस दौरान पिलखुवा नगर के युवाओं में काफी उत्साह दिखाया दिया और अंशुल मित्तल ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद प्रकट करता हूँ और मैं लोगों के बीच जाकर का पार्टी का प्रचार प्रसार लोगों को जोड़ने का काम करूंगा। स्वागत में भाजपा जिला मंत्री विक्रांत शर्मा, पिलखुवा नगर ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष अमित कश्यप,मनीष प्रजापति, हिमांशु बागोरिया,डॉक्टर अनिल कश्यप,अमित कोरी, आशीष तोमर, मयंक रूहेला,धर्मेंद्र निषाद, पवन कश्यप, प्रमोद कश्यप, राहुल, दीपक कश्यप आदि भाजपा कार्यकता उपस्थित रहे।

# मनाली की सैर कर लौटे डकैत को एसटीएफ ने दबोचा

**बाराबंकी।** कुर्सी थाना क्षेत्र के टिकैतगंज में 18 दिसंबर को व्यापारी के यहां हुई डकैती की वारदात में फरार 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश विनोद रावत उर्फ आशू को एसटीएफ ने दबोच लिया। उसके पास से एक किलो 200 ग्राम चांदी, 1700 रुपये व एक तमंचा बरामद हुआ है। वारदात को अंजाम देने के बाद वह मनाली की सैर कर रहा था। बीती चार दिसंबर को ही लखनऊ लौटा था। कुर्सी थाना क्षेत्र में 18 दिसंबर की रात टिकैतगंज के व्यापारी शिवकुमार के यहां इनोवा से पहुंचे बदमाशों ने करीब तीन घंटे तक लूटपाट की थी। पुलिस 10 डकैतों को गिरफ्तार कर अब तक भारी मात्रा में चांदी व सोना बरामद कर चुकी है। कुर्सी थाना क्षेत्र के टांड चकिया गांव निवासी डकैत विनोद रावत उर्फ आशू व अफसार फरार थे। इन पर 25-25 हजार रुपये का इनाम एसपी ने घोषित किया था।

# भ्रष्टाचार रुपी दीमक को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए सिपाही बनाएं-एस परिहार

## राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के 16 वे स्थापना दिवस पर केक काटकर दी शुभकामनाए

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**




**हापुड़।** रविवार को राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के 16 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मुख्य अतिथि हापुड नगर कोतवाल नीरज कुमार व एस आई मुकेश कुमार से केक कटवाकर समिति के पंचायती राज विभाग से प्रदेश सचिव चंद्र किरण कश्यप ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की और कहां कि आज भ्रष्टाचार देश में चरम सीमा पर है। आज से हजारों साल पहले भारत के महान विचारक कौटिल्य जब राज्य शासन सिद्धांत की अपनी प्रसिद्ध पुस्तक अर्थशास्त्र में श्लोक लिख रहे थे तब भी उन्हें भ्रष्टाचार का जिक्र करना ही पड़ा था जो हमें बेहद आसानी से बताती है कि भ्रष्टाचार की समस्या कितनी पुरानी है और दुनिया भर में कितनी दूर तक इसकी जड़े फैली हुई है चलो के अर्थ के मुताबिक ÷जैसे जीभ पर रखे हुए शहद और विश्व का स्वाद लिए बिना नहीं रहा जा सकता, उसी प्रकार अर्थाधिकार कार्यों पर नियुक्त मनुष्य अर्थ का थोड़ा भी स्वाद ना ले यह असंभव है÷ ÷जिस प्रकार पानी में रहने वाली मछलियां पानी पीती हुई दिखाई नहीं देती हैं उसी प्रकार अर्थ कार्यों पर नियुक्त कर्मचारी धन का अपहरण करते हुए नहीं जाने जा सकते हैं।÷ आकाश में उड़ने वाली पक्षियों की गतिविधि का पता लगाया जा सकता है किंतु धन का अपहरण करने वाले कर्मचारियों की गतिविधि का पार पाना कठिन है। इस वाक्य से आसानी से समझा जा सकता है कि हर समय काल परिस्थिति में सभी के लिए भ्रष्टाचार ही क्यों एक गंभीर समस्या बनकर बैठा हुआ है। आज का दिन हम सभी के लिए विशेष है क्योंकि आज ही के दिन जनवरी 2008 को संस्था के चेयरमैन दुर्गेश सिंह सेंगर ने संस्था की नींव रखी थी मातृशक्ति जिलाध्यक्षा अल्का ने बताया कि राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति का लक्ष्य भय और भ्रष्टाचार मुक्त भारत का निर्माण करना है। समाज में महिलाओं पर हो रहे घरेलू हिंसा दहेज उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाकर उनको जागरुक कर न्याय दिलाना। महिलाओं को उनके मौलिक अधिकारों की जानकारी देते हुए महिला हेल्पलाइन 1090 आपातकालीन पुलिस सहायता हेल्पलाइन 112 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 की जानकारी देकर जागरूक किया। कानपुर मंडल सचिव के एस परिहार ने बताया की केंद्र व राज्य दोनों सरकारों से गरीबों एवं विकास के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कारण योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगो तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसका प्रमुख कारण समाज में लोगों का अशिक्षित होना है संगठन के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी गण अधिक से अधिक जनता के बीच जाकर उन्हें जागरूक कर भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति से जोड़कर भ्रष्टाचार रुपी दीमक को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए सिपाही बनाएं। जिससे समाज जागरूक रहें और सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ लाभार्थियों तक पहुंच सके। कार्यक्रम में कानपुर मंडल सचिव के एस परिहर, गाजियाबाद मीडिया प्रभारी शकंर सैनी हरीश वर्मा सोनू अली, प्रवेश कुमार सदस्य एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मुठभेड़ में हरदोई के हिस्ट्रीशीटर सुशील को लगी गोली, भर्ती

**बाराबंकी।** गैंगस्टर मुकदमे में फरार चल रहे हरदोई जिले के ओमपुरी गांव निवासी सुशील कंजड़ की शनिवार देर रात पुलिस से मुठभेड़ हो गई। पैर में गोली लगने के बाद उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार देर रात करीब 12 बजे शहर कोतवाल अजय कुमार त्रिपाठी की टीम गदिया रोड पर जांच कर रही थी। इस दौरान इमला बाबा मजार के पास सुशील बाइक से आता दिखा। पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक गोली सुशील के पैर में लग गई, जिससे वह घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस मामले में एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि सुशील शहर कोतवाली में दर्ज गैंगस्टर के मामले में फरार चल रहा था। उस पर 20 हजार रुपये का इनाम घोषित था। उस पर गैंगस्टर, लूट, डकैती सहित करीब 18 मुकदमे दर्ज हैं।

# वीडियो की कार्यशैली से क्षेत्र की जनता नाखुश

द अचीवर टाइम्स



**रामनगर बाराबंकी।** ब्लॉक में बीडीओ के समय से न आने के चलते फरियादी अपनी समस्याए सुनाने के लिए भटकते रहते है। अपने को सीडीओ का खास बताने वाले बीडीओ किसी की शिकायत सुनना भी पसंद नही करते है। ब्लॉक मुख्यालय में निवास तो दूर दस से पांच बजे तक ब्लॉक में भी नही रहते। बीडीओ से मिलने के लिए फरियादी भटकते रहते है। रामनगर ब्लॉक में बीडीओ विजय कुमार सिंह तैनात हुए है जिनका शासन से स्थानांतरण भी सिद्धार्थ नगर हो गया है लेकिन अभी रिलीव नही हुए है जिस कारण ब्लॉक में कार्य देख रहे है। उन्होंने सभी गौ शालाओं का निरीक्षण तो किया लेकिन व्यवस्थाए सही नही कर पाए जिसका नतीजा है कि भूसा के बजाय पुआल पशु खा रहे है और ठंडक में पशुओं को बचाने के इंतजाम तक नही हो सका है। ब्लॉक मे कभी 11 बजे तो कभी 4 बजे अचानक आकर मीटिंग करते है व ब्लॉक के कर्मचारियों व प्रधानों पर दबाव बनाकर मनरेगा कार्य बढ़ाने का दबाव बनाते है। इसके अलावा न तो वे ब्लॉक में निवास करते न ही आवासो के निर्माण में रुचि रख रहे है। यही कारण है कि 355 आवास अब तक पूरे नही हो सके है। कमियों को छिपाने के लिए लाभार्थियों को नोटिस दे रहे लेकिन आवास बनवाने का काम नहीं कर रहे है। मनरेगा के जो कार्य देखने जाते है उन गाँवों के प्रधानों को बुलाकर वार्ता करने के बाद ही उन पर आगे कार्यवाही करते हैं। उनकी कार्य शैली पर सवाल उठने शुरु हो गए हैं। जब कोई फोन करता है तो स्पष्ट उत्तर देने के बजाय यह कह कर कि मीटिंग में हू अभी बात करूंगा कह कर फोन काट देते हैं। उनकी इस ब्लॉक मे पहली तैनाती है। बीडीओ से जब गौ शालाओं मे ठंडक जब निपटने के इंतजाम नहीं व भूसा के बजाय पुआल खिलाने के बारे में पूंछा गया तो बोले की बड़े बाबू से पूँछ लो। इस तरह की कार्यशैली को देखते हुए क्षेत्र की जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है।

बारिश में भीगते रहे कई गौशालाओं के पशु अफसरों की नजरअंदाजी से ठंडक से बचने के उपाय नाकाफ़ी बारिश होने से अव्यवस्थाओ के चलते गौशालाओ के पशु भीगते रहे। उन्हे टीन शेड भी नसीब नहीं हुआ कि बरसात के पानी से बच सकते। तहसील क्षेत्र मे एक दर्जन गौ आश्रय स्थल बने है जंहा कही दो टीन शेड तो कही तीन टीन शेड बने है। जानवर पांच पांच सौ भरे है ऐसे में ठंडक के मौसम में जब बरसात हुई तो तमाम जानवर बाहर खड़े भीगते देखा गया है। उनके बारिश से भीगने से बचाने के कोई इंतजाम नही किए जा सके। ऊपर से ठंड और फिर जब बरसात हुई तो भीगते जानवरो के बीमार होने का खतरा बन गया है। जहां जहां चरही बनी है वहां पन्नी तानी गई मगर वह भी दो तरफ से खुली है। तेज हवा से उसके नीचे आकर पशु भी ठंडक का शिकार हो रहे है। हर माह दस से बारह लाख खर्च बताने वाले गौ शालाओ के संचालको द्वारा ठंडक व बरसात से पशुओं को बचाने के इंतजाम अच्छे तरीके से नही किए गए है। ब्लॉक अधिकारी भी जाकर फार्मेल्टी दिखा लौट गए। व्यवस्थाओ के प्रति उदासीन रहे।

# कलेक्टर की संवेदनशीलता और मानवीय पहल रंग लाई

## कर्नाटक के बीजापुर में कटनी के फंसे श्रमिकों की हो रही घर वापसी

❖ ढीमरखेड़ा क्षेत्र के हैं सभी मजदूर ट्रेन से हो चुके हैं कटनी के लिए रवाना आज रविवार की दोपहर तक पहुंचेंगे कटनी।

द अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय





**मध्य प्रदेश,कटनी।** जिला प्रशासन कटनी द्वारा ढीमरखेड़ा क्षेत्र के रहने वाले मजदूरों को कर्नाटक के बीजापुर जिले के प्रशासन के सहयोग से वहॉ मुश्किल में फंसे मजदूरों की कल रविवार को घर वापसी हो रही है। कलेक्टर अवि प्रसाद के संज्ञान में बीजापुर में कटनी के मजदूरों के फंसे होने का मामला आने के तत्काल बाद उन्होंने वहां के प्रशासन से बात किया और जिले के ढीमरखेड़ा अंचल के ग्राम कोठी और कतरिया गांव के मजदूरों को मुश्किल हालातों से निकालने में मदद करने का आग्रह किया गया था। इस प्रकार त्वरित कार्यवाही और कलेक्टर की संवेदनशीलता एवं मानवीय पहल की बदौलत प्रतिकूल परिस्थितियों में वहां फंसे श्रमिकों की घर वापसी संभव हो पा रही है। कलेक्टर श्री प्रसाद ने मजदूरों के वापसी के पूरे मामले की जवाबदारी श्रम पदाधिकारी के बी मिश्रा को सौंपा है। श्री मिश्रा के मुताबिक ढीमरखेड़ा क्षेत्र के कोठी और कतरिया गांव के श्रमिक कर्नाटक राज्य के बीजापुर जिले के तालुका तालिकोटि में गन्ना कटाई के लिए 22 मजदूर गये हुए थे। श्रम पदाधिकारी के अनुसार 14 मजदूर कर्नाटक से पूना पहुंच गए हैं।ये सभी मजदूर पूना- दानापुर एक्सप्रेस में सवार हो चुके हैं। जिनके कल रविवार की दोपहर तक कटनी पहुंचने की संभावना है। वहीं महाराष्ट्र के सोलापुर से 4और मजदूर रविवार की सुबह महाराष्ट्र के सोलापुर से कर्नाटक एक्सप्रेस से वापस आयेंगे।

### कलेक्टर ने दिखाई मानवता

कलेक्टर श्री प्रसाद ने श्रमिकों के मुश्किल में फंसे होने की वेदना को महसूस करते हुए त्वरित कार्यवाही की। श्री प्रसाद ने संवेदनशीलता और मानवता का परिचय देते हुए जिले के श्रमिकों को छुड़वाने का गंभीर प्रयास किया। जिसका यह सुफल निकला कि परेशानियों का सामना कर रहे जिले के श्रमिकों की कलेक्टर श्री प्रसाद के प्रयासों से अब घर वापसी हो पा रही है।

# एक नज़र

## मुख्य कोषाधिकारी ममता सिंह ने दी जानकारी



**अयोध्या।** मुख्य कोषाधिकारी/नोडल अधिकारी (निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण प्रकोष्ठ) लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 श्रीमती ममता सिंह ने बताया है कि जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 से सम्बंधित प्रचार सामग्रियों की वर्तमान स्थानीय दरों के निर्धारण हेतु कलेक्टेऊट सभागार में दिनांक 9 जनवरी 2024 को सायं 4 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। सम्बंधितों को भाग लेने हेतु अनुरोध किया गया है।

## अपर निदेशक ने पिरखौली गौशाला का किया निरीक्षण व्यवस्थाएं मिली संतोषजनक



**सोहावल अयोध्या।** विकासखंड सोहावल अंतर्गत ग्राम पंचायत पिरखौली की गौशाला का निरीक्षण डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह अपर निदेशक ग्रेट टू अयोध्या मंडल एवं डिप्टी सीबीओ अरविंद कुमार सोहावल ने बड़ी गहनता से किया गौशाला में शीतलहर ठंड से बचाव के लिए चार शेड़ों में तिरपाल लगाए गए हैं। और तीन स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कि गई है, भूसा एवं हरा चारा,पशु आहार आदि पर्याप्त मात्रा में निरीक्षण के दौरान मिला एवं पशुओं को खिलाया जा रहा है गौशाला में समस्त व्यवस्थाएं संतोष जनक पाई गई। उक्त अधिकारियों ने व्यवस्थाएं अच्छी देखकर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि हिटलर तिवारी एवं प्रधान रियाज अली की सराहना की। इस अवसर पर रज्जन शर्मा धीरेंद्र सिंह रामकेवल रावत राजकुमार त्यागी विनय रावत शिवाजी तिवारी दर्जनों कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

## बंगीरिपोशी घाटी सड़क की होगी मरम्मत, प्रधानमंत्री कर सकते हैं शालिनाश - केंद्रीय मंत्री

मनोरंजन सासमल , स्टेट हेड ओड़िशा



**भुबनेस्वं।** मयूरभंज जिले के बंगीरिपोशी में क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण जल्द शुरू होगा। इससे स्थानीय निवासियों को काफी सुरक्षा मिलेगी. केंद्रीय मंत्री विश्वेश्वर टुडू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फरवरी में इस परियोजना की आधारशिला रख सकते हैं।सामने चुनाव हैं. इससे पहले केंद्र सरकार की बैठक होगी। मयूरभंज के दोनों हिस्सों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी बंगीरिपोशी घाटी की हालत सुरक्षा के लिए खतरा बन गई है। हाल ही में एक दुखद घटना में, दो ट्रक खाई से 20 मीटर गहरी खाई में गिर गए, जिससे एक ट्रक चालक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। आंकड़े कहते हैं कि पिछले दो वर्षों में इस क्षतिग्रस्त सड़क पर 160 से अधिक दुर्घटनाओं में 40 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है और 2000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बांगिरिपोशी घाट पर राष्ट्रीय राजमार्ग 49 का विस्तार मयूरभंज में एक प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बन गया है। मंत्री टुडू ने बताया कि विस्तार परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी होने वाली है और परियोजना के लिए 250 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। मकर संक्रांति पर्व के बाद होने वाले इस शिलान्यास समारोह के लिए प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया गया है। यह खबर लंबे समय से बांगिरिपोशी घाटी सड़क के सुधार का इंतजार कर रहे मयूरभंज के लोगों के लिए उम्मीद लेकर आई है। इस परियोजना से सड़क सुरक्षा और पहुंच में वृद्धि, दुर्घटनाओं के जोखिम को कम करने और जिले के भीतर कनेक्टिविटी में सुधार होने की उम्मीद है।

## मुंबई से पैदल अयोध्या जा रही शबनम पहुंची सीहोर, कहा- बचपन से राम जी के भक्त

**अयोध्या।** 21 वर्षीय शबनम शेख के हौसलों और धार्मिक आस्था को देखकर लोग हैरान है। वह मुंबई से अयोध्या तक पैदल जा रही है, उनके और साथियों के हाथों में भगवा ध्वज है। जिस पर जय श्री राम लिखा हुआ है। रास्ते में वंदे मातरम और जय श्री राम के नारे लगाते हुए एक दिन में उनका सफर 37 किलोमीटर का कब पूरा हो जाता है उन्हें ही नहीं पता चलता। मुंबई निवासी 21 वर्षीय शबनम शेख अपने दो साथी विनीत पांडे और रामराज शर्मा के साथ कदम से कदम मिलाते हुए मुंबई से अयोध्या जा रही हैं। शनिवार को यह तीनों श्रद्धालु सीहोर पहुंचे जहां स्थान-स्थान पर उनका लोगों ने स्वागत किया। मीडिया से चर्चा करते हुए शबनम ने कहा कि वह शुरू से ही हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में रही है और उन्हें अपने धर्म के साथ-साथ दूसरे धर्म का सम्मान करना भी बहुत अच्छे से आता है। सोशल मीडिया पर लोग मेरे ऊपर आरोप लगा रहे हैं, उससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता है।

**बचपन से राम के भक्त**

उन्होंने कहा कि महिलाओं को टॉर्चर करने वालों को जेल में डाल देना चाहिए। ऐसे लोगों पर हनुमान जी का गदा सिर पर मारना चाहिए। शबनम ने कहा कि उन्हें पैदल चलते हुए 17 दिन हो गए हैं। श्रद्धा के लिए मन में विचार आना जरूरी नहीं है, बचपन से राम जी को मानते हैं जितना हम नबी को रिस्पेक्ट करते हैं, उतना ही राम जी की रिस्पेक्ट करते हैं।

# अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की कवरेज के संबंध में दी गई जानकारी

संवाददाता



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तथा स्थानीय वरिष्ठ अधिकारियों एवं उत्तर प्रदेश सूचना निदेशक के निर्देश के क्रम में उप निदेशक सूचना अयोध्या मण्डल अयोध्या/प्रभारी मा0 मुख्यमंत्री मीडिया सेंटर लखनऊ डा0 मुरली धर सिंह ने बताया कि दिनांक 22 जनवरी 2024 को आयोजित होने वाले श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठ समारोह में मीडिया कवरेज के लिए अंतर्राष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय अयोध्या में अस्थायी मीडिया सेंटर की स्थापना की जा रही है, जो दिनांक 20 जनवरी 2024 से 22 जनवरी 2024 तक संचालित किया जाएगा। साथ ही साथ अयोध्या में निर्मित अन्तर्राष्ट्रीय मीडिया सेन्टर/प्रेस क्लब को भी अगले सप्ताह शुरू किया जायेगा, जो रामकथा संग्रहालय में मीडिया सेन्टर स्थापित होगा उसमें इंटरनेट व कंप्यूटर की आदि व्यवस्था होगी तथा मीडिया साथियों को यह भी अवगत कराना है कि श्रीराम जन्मभूमि के भूमिपूजन कार्यक्रम दिनांक 5 अगस्त 2020 को भी मीडिया सेन्टर की स्थापना रामकथा संग्रहालय में की गयी थी तथा सभी दीपोत्सव में भी मीडिया सेन्टर की स्थापना की जाती है। साथ ही यह भी बताया है कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 प्रधानमंत्री जी भाग ले रहे है, जिनका कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसके सम्बंध में सुरक्षा समिति एवं एसपीजी के साथ अभी हमारे वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक नही हुई है तथा बैठक होने के बाद मीडिया सम्बंधी कवरेज की अन्य बिन्दुओं की जानकारी दी जायेगी। उपनिदेशक ने यह भी बताया कि मीडिया सम्बंधी कोई भी जानकारी सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से मेरे मोबाइल नंबर 7080510637 पर सम्पर्क कर सकते है तथा सूचना विभाग, पुलिस विभाग एवं जिला प्रशासन आदि मीडिया के सम्मान के लिए हमेशा की तरह कार्य करेगा।

## रूपनाथ धाम में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिभा स्थापना पर उमड़ा जन सैलाब



❖ क्षेत्रीय विधायक प्रणय प्रभात पाडे के मुख्य अतिथि में हुई प्रतिभा स्थापना

द, अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय

**मध्य प्रदेश।** मध्य प्रदेश के विधानसभा रिठी बहोरीबंद के रूपनाथ धाम में समाजसेवी स्वर्गीय बलीराम चौधरी निवासी गोसलपुर वालों के परिवार द्वारा पिता की यादगार के लिए बेटों ने करवाई डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिभा स्थापना, प्रतिभा स्थापना में क्षेत्रीय जन सैलाब एकत्रित हुआ जय भीम जय भीम के जोरदार नारे लगे प्रतिभा स्थापना के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय विधायक प्रणय प्रभात पांडे की अध्यक्षता में हुई, इस मौके पर बहोरीबंद जनपद अध्यक्ष लालकमल बंसल, जिला पंचायत सदस्य राकेश पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश भारतू नायक,तमुरिया सरपंच नरेंद्र सैनी,कुआं सरपंच अमित साहू, बहोरीबंद सरपंच मधु बृजेश गुप्ता, संतोष गुप्ता,अंशु विश्वकर्मा ,संतोष चौधरी ,नरेश चौधरी, भोलाराम चौधरी, प्रकाश चौधरी, अमित दीक्षित, दीपक सिंह, सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग एवं अधिक संख्या में जन सैलाब उपस्थित रहे, इस कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था में बहोरीबंद थाना प्रभारी सुरेंद्र शर्मा पुलिस दलबल के साथ मौजूद रहे,

## करन कृष्णा फाउंडेशन कि तरफ से नए वर्ष के उपलक्ष में किया गया कार्यक्रम



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** जानकीपुरम स्तिथ करन कृष्णा फाउंडेशन के फाउंडर समाज सेवी विशाल कुमार के द्वारा न्यू ईयर पार्टी ऑर्गेनाइज कि गई जिसमे क्षेत्र कि महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया,कार्यक्रम में सबसे पहले टीम के द्वारा केक काट कर वितरित किया गया, उसके बाद चाय नास्ते कि व्यवस्था कि गई,साथ ही महिलाओ ने अंतयागचढ़ी व गीत गा कर सबने खूब मनोरंजन किया, उसके बाद टीम के द्वारा छोले भटूरे भी आई हुई महिलाओ को खिलाया गया, इस मौके पर मौजूद रहे करन कृष्णा फाउंडेशन के फाउंडर के द्वारा बात चीत में बताया गया कि संस्था के द्वारा गरीबों व असहाय, लोगों कि मदद कि जाएगी, ताकि उनका दर्द हल्का हो सके !आज के कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक विशाल कुमार, व टीम में शामिल राखी गुप्ता, तृप्ति श्रीवास्तव, विवेक, हिमानी श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, सरोज श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, श्रुति श्रीवास्तव कमर जहां प्रीति सक्सेना, समेत टीम का सहयोग रहा है।

# कार्यक्रमों के आयोजन से मिलते है प्रेरणादायक संदेश

## सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित दीन जन प्यारे सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया

❖ सामाजिक सांस्कृतिक अली महिला सेवा संस्थान बाराबंकी की प्रस्तुति।

संवाददाता



**बाराबंकी।** सामाजिक सांस्कृतिक अली महिला सेवा संस्थान बाराबंकी के तत्वाधान में सांस्कृतिक मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित दीन जन प्यारे सांस्कृतिक कार्यक्रम मलिक मैरिज हाल बाराबंकी में आयोजित किया गया। जिसमें अनेकानेक कार्यकम संतोष राय व सहयोगी टीम द्वारा गायन नृत्य वाद्य यंत्रों के माध्यम से प्रस्तुत किये गये। इस दौरान मुख्य अतिथि कमलेन्द सिंह द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की गई, उन्होंने यह भी कहा इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से जनमानस को प्रेरणादायक संदेश मिलते हैं इसलिए कार्यक्रमों का आयोजन नित्य प्रति होते रहे। विशिष्ट अतिथि मुस्तफा खान अध्यक्ष विकास भवन कर्मचारी परिषद बाराबंकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था विगत कई वर्षो से महिलाओं में जागरूकता प्रसारित करने का कार्य कर रही है वहीं व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने कहा संस्था द्वारा नित्य प्रति सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है जो मानस के लिए प्रेरणादायक रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहित जनपद के समाजसेवियों, संगठनों, साहित्यकारों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों को अंग वस्त्र व सम्मान पत्र रेखा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन शाईस्ता अख्तर समाजसेवी ने किया मुख्य रूप से कमर जहां, नूर जहां, इकरा और मरियम का सहयोग रहा। कार्यक्रम के अन्त मे सगीरुन्नीशा ने आये हुए अतिथियों और कलाकारो का धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम समापन किया।

## अयोध्या आया जनकपुर धाम से राम लला के लिए उपहार

संवाददाता

**अयोध्या।** श्रीराम जी के ससुराल जनकपुर धाम नेपाल से कारसेवकपुरम् पहुंचा तीन हजार से ऊपर भार( सनेश )।श्रीराम लला के प्राणप्रतिष्ठा से पूर्व भारत ही नही विश्व के अनेक देश भी अपने लला को उपहार समर्पित कर रहे हैं और जब उपहार उनके ससुराल से पहुंचे तो यह और भी रोचक हो जाता है। जनकपुर धाम रामजानकी मंदिर नेपाल राष्ट्र से निकली भार सनेश यात्रा आज देर लगभग तीन दर्जन वाहनों से रात्रि कारसेवकपुरम् पहुंची जिसमें पांच सौ से ऊपर राम लला के ससुराल पक्ष के भक्त गण समलित हैं,जो अपने साथ तीन हजार से ऊपर उपहार भी लेकर आये हैं,जिसमे फल मिष्ठान, सोना, चांदी आदि समलित हैं।नेपाल से आये बंधुओं का कहना है यह हमारा सौभाग्य है कि आज हमारे दामाद राजा की जन्मभूमि का निर्माण हो रहा है और 22 जनवरी को वह अपने सिंहासन पर विराजमान होंगे । कारसेवक पुरम् में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चम्पतराय ने ऊपहार कको स्वीकार किया, इस दौरान उन्हों ने कहा नेपाल और भारत का संबंध आत्मा से है।यह त्रेतायुग का चला आ रहा संबंध प्राचीनता के साथ एतिहासिकता को प्रदर्शित करने वाला है।यह भेंट प्राप्त करना अति सौभाग्य का परिचायक है।इस दौरान अयोध्या महापौर गिरीश पति त्रिपाठी पूर्व राष्ट्रीय संयोजक प्रकाश शर्मा विहिप नेता राजेंद्र सिंह,शरद शर्मा,धन्नजय पाठक,नेपाल से आये महंत रामरोशन दास वैष्णव, नगरनिगम के प्रमुख मनोज शाह,विश्व हिंदू परषिद अध्यक्ष संतोष शाह,परमेश्वर शाह,अजय गुप्ता, मनीष रमन शाह लक्ष्मन शाह,मधुशाह ,रेखा गुप्ता आदि समेत काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे ।

## अयोध्या से दिल्ली और दिल्ली से अयोध्या का आज से शुरू हुआ इंडिगो का हवाई संचालन

संवाददाता



**अयोध्या।** महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से आज रवाना हुई इंडिगो की पहली फ्लाइट । यह फ्लाइट 1: 45 पर दिल्ली के लिए रवाना हुई । 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था । 30 दिसंबर को आई और गई थी इनॉग्रल फ्लाइट । 30 दिसंबर के बाद आज 6 जनवरी को अयोध्या एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हुई इंडिगो की फ्लाइट । साथ ही साथ इंडिगो की पहली फ्लाइट दिल्ली से अयोध्या आई । महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर दिल्ली से आए यात्रियों का स्वागत यूको बैंक के अधिकारियों व कर्मचारियों ने एयरपोर्ट पर किया । इस अवसर पर यात्रियों को पुष्प और गिफ्ट देकर स्वागत किया गया । इंडिगो की फ्लाइट से ही राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र व केंद्रीय मंत्री महेंद्र पांडे भी अयोध्या आए । इस दौरान अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने एयरपोर्ट पर स्वागत किया । एयरपोर्ट पर पहुंचकर उत्साहित दिखे यात्री, 1. 15 मिनट पर पहुंची थी इंडिगो की फ्लाइट, 2:00 बजे अयोध्या एयरपोर्ट से ही दिल्ली के लिए हुई रवाना, अयोध्या के यात्री दिल्ली के लिए रवाना हुए । यात्रियों ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जमकर तारीफ किया । ज्ञात हो कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था।

## एक रामभक्त- सैकड़ों कारसेवकों को बचाने वाले अविनाश, अब बूढ़े मां-बाप को प्राण प्रतिष्ठा के निमंत्रण का इंतजार

**अयोध्या।** अयोध्या में 31 साल पहले राम मंदिर को लेकर छह दिसंबर 1992 को देश भर से कारसेवक जुटे थे। राजस्थान के अजमेर से भी 28 लोगों का दल गया था। शाम की गाड़ी से सभी को वापस लौटना था। इस दल में 19 साल का अविनाश भी था, वह अयोध्या पहुंचकर घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाने के काम में जुट गया था। आंखों में बेटे को खोने का गम तो दिल में राम मंदिर बनने की खुशी, अजमेर के रामभक्त अविनाश माहेश्वरी की कहानी कुछ ऐसी है। जिन्होंने बम को दूर फेंककर सैकड़ों कारसेवकों की जिंदगी बचाई थी। अब राम मंदिर समारोह के निमंत्रण का अविनाश के माता-पिता इंतजार कर रहे हैं। 31 साल पहले जिस ढांचे को कारसेवकों ने गिराया था।

# मच्छरों से बचाव कर हम लोग फाइलेरिया से बच सकते हैं-ओम प्रकाश

## मानपुर एचडब्ल्यूसी पर 25 मरीजों को दिया गया एमएमडीपी प्रशिक्षण व किट

संवाददाता



**सीतापुर।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बिसवां ब्लॉक के मानपुर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर फाइलेरिया मरीजों को रोग प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर मरीजों को रुग्णता प्रबन्धन व दिव्यांगता निवारण एमएमडीपी किट के जरिए फाइलेरियाग्रस्त अंग की नियमित सफाई के तरीके बताए गए, जिससे कि फाइलेरिया रोगी प्रभावित अंग की उचित देखभाल कर सकें। साथ ही फाइलेरिया ग्रसित अंगों की सूजन कम करने के लिए कुछ हल्के और आसान व्यायाम की भी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में 25 फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी किट प्रदान की गई।फाइलेरिया निरीक्षक ओम प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि फाइलेरिया रोग क्यूलेक्स मच्छर काटने से होता है। इस मच्छर के काटने से फाइलेरिया के छोटे-छोटे परजीवी माइक्रोफाइलेरिया शरीर में प्रवेश कर जाते हैं।जिससे यह रोग होता है।मच्छरों से बचाव कर हम लोग फाइलेरिया से बच सकते हैं। क्यूलेक्स मच्छर फाइलेरिया संक्रमित व्यक्ति को काटने के बाद किसी स्वस्थ्य व्यक्ति को काटता है तो उसे भी संक्रमित कर देता है लेकिन संक्रमण के लक्षण पांच से 15 वर्ष में उभरकर सामने आते हैं। इसमें हाथ-पैर में सूजन की शिकायत होती है। पुरुषों के अंडकोष में और महिलाओं के स्तन के में भी सूजन आ जाती है।मलेरिया निरीक्षक आर्यन शुक्ला ने बताया कि मच्छरों से बचने के लिए सभी को साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। खुली नालियों के होने से जल भराव होता है, जिससे उसमें मच्छर पनपते हैं। ऐसे में मच्छरों को नष्ट करने के लिए जल भराव वाले स्थानों में प्रयोग हुआ मोबिल ऑयल डाल दें। पाथ संस्था की प्रतिनिधि डॉ. आएशा आलम ने बताया कि फाइलेरिया बीमारी कभी खत्म नहीं होती है, बस इसका रोकथाम और प्रबंधन किया जा सकता है। इसलिए फाइलेरिया प्रभावित अंगों की साफ-सफाई रखना जरूरी होता है। इस बीमारी में दवा के साथ-साथ हल्के व्यायाम भी बहुत आवश्यक है। नियमित व्यायाम करने से सूजन को सूजन को कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया रोगी यदि नियमित साफ सफाई रखें और व्यायाम करें तो बीमारी नियंत्रण में रहती है। स्वयंसेवी संस्था सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के जिला समन्वयक भूपेंद्र सिंह ने एमएमडीपी किट का प्रदर्शन करते हुए उसके प्रयोग और फाइलेरिया ग्रस्त अंगों की साफ-सफाई के तरीकों की जानकारी दी। इस मौके पर सीएचओ पुष्पा मिंझ, ग्राम प्रधान चंद्रिका प्रसाद, एएनएम चंद्रिका पांडेय आदि मौजूद रहे।

**क्या कहते हैं सीएचसी अधीक्षक**

बिसवां सीएचसी के अधीक्षक डॉ. अमित कपूर ने बताया कि सीफार संस्था ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न गांवों में फाइलेरिया रोगियों का समूह बनाकर फाइलेरिया से बचाव के बारे में जागरूकता फैला रही हैं।अगस्त में आयोजित हुए आईडीए अभियान में लोगों को फाइलेरियारोधी दवा का सेवन करने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया मरीजों को प्रभावित अंगों को देखभाल के लिए किट दी जा रही है। किट में प्रभावित अंगों की अच्छी तरह से साफ-सफाई को लेकर टब, मग, तौलिया, साबुन, क्रीम दिया जा रहा है। फाइलेरिया ग्रसित अंगों की साफ-सफाई रखने से संक्रमण का डर नहीं रहता है और सूजन में भी कमी रहती है।

# चोरी की दस मोटरसाइकिल के साथ पांच अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** थाना भीरा पुलिस द्वारा चोरी किये गये 10 अदद मोटर साइकिल के साथ 05 नफर अभियुक्त गण को किया गिरफ्तार किया गया है।पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना भीरा पुलिस टीम द्वारा दिनांक 06 जनवरी 2024 को मोटर साइकिल चोरी की घटनाओं मे संलिप्त 05 नफर अभियुक्त अर्पित गुप्ता पुत्र अजय कुमार गुप्ता नि0ग्राम कस्बा पलिया थाना पलिया जनपद खीरी,अभिषेक तिवारी पुत्र मनोज तिवारी नि0 मो0 सुभाष नगर पलिया थाना पलिया जनपद खीरी,गुरबाज उर्फ बाज पुत्र जोगिंदर सिंह नि0 ग्राम चनैनी फार्म सिन्हौना थाना सिंगाही जनपद खीरी,पूरन सिंह पुत्र गुरदीप सिंह नि0 ग्राम सिन्हौना थाना सिंगाही जनपद खीरी,रवि ठाकुर उर्फ पुष्पेन्द्र सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह नि0 मो0 सुभाषनगर कस्बा पलिया थाना पलिया जनपद खीरी को अलग अलग थाना क्षेत्रों से चोरी किये गये 10 अदद मोटर साइकिल,हीरो स्पेलंडर प्रो0 नं0 यूपी 31 एडी 1810,सुपर स्पेलन्डर नं0 यूपी 31 बीएच 4571,सुपर स्पेलन्डर नं0 यूपी 31 बीके 9798,हीरो स्पेलन्डर प्रो0 नम्बर यूपी 27 क्यू 8487,मोटर साइकिल स्पेलन्डर नं0 यूपी 31 बीसी 5017,हीरो स्पेलन्डर प्रो0 नम्बर यूपी 25 एएफ 4340,मोटर साइकिल यूपी 31 एए 0440,मोटर साइकिल प्लसर 200 सी सी नं0 डीएल 75 बीजेड 7016,पैशन प्रो नं0 यूपी 31 एक्स 4168, मोटर साइकिल नं0 यूपी 25 डीपी 2815 के साथ गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार शुदा अभियुक्त गण उपरोक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 013/2024 धारा 379/411/413/414/419/420 भादवि व 41 द0प्र0सं0 पंजीकृत किया गया गिरफ्तार शुदा अभियुक्त गण उपरोक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमाण्ड हेतु लखीमपुर खीरी भेजा जा रहा है।

# एक नज़र

## श्रीमद्भागवत के माध्यम से पांडवो के अज्ञातवास का प्रसंग सुनाया

संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** मितौली कस्बा क्षेत्र के मितौली में राज कुमार मिश्र गुड्डू मिश्र मिश्र टेंट हाउस प्रांगण में निकट आवासीय कस्तूरबा विद्यालय मितौली, सप्तदिवसीय पंचम श्रीविष्णु महायज्ञ मानस वेदांत संत सम्मेलन एवं कथा प्रवचन आज यज्ञ की पुर्णाहुति के उपरांत सप्तम दिवस अपराह्न बेला में परम् विद्वान मानस मर्मज्ञ आनन्द शास्त्रीय की अमृत मय वाणी से राम कथा की मार्मिक कथा सुनाई।परम विद्वान शिखर शास्त्री द्वारा श्रीमद्भागवत के माध्यम से पांडवो के अज्ञातवास का प्रसंग सुनाया।परम् विद्वान मानस मर्मज्ञ प्रवीण शास्त्री की अमृतमय वाणी से भगवान की भक्ति का प्रसंग परम् भक्त माता शबरी की भक्ति की महिमा का वर्णन किया सुंदर भजन के माध्यम से स्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।

## सरकारी अस्पताल में लिखी जा रही निजी मेडिकल स्टोर की दवाएं





**लखीमपुर खीरी।** सरकारी अस्पतालों में नहीं लिखी जाएंगी बाहर की दवाएं ऐसा स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक का कहना था लेकिन उनके इस फरमान के बाद जानिए क्या है जमीनी हकीकत है।सरकारी अस्पताल में डॉक्टर मरीजों को बाहर की महंगी दवाए लिख रहे हैं जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है वहीं साल्ट की जगह दवा का ब्रांड सीएचसी के चिकित्सक लिखते हैं और सीएमओ के साथ स्वास्थ्य विभाग मौन है।गर्भवती महिलाओ की डिलीवरी होने बाद डिस्चार्ज के समय हजारों रुपए की दवाएं बाहर से लिखी जाती है और वह दवाएं बाजार से उनके तय मेडिकल से दवाएं मिलती है वहीं डॉक्टर संतोष वर्मा पर 2 हजार रुपए की दवा बाजार से लिखने का आरोप पीड़ित बुजुर्ग ने लगाया है,जांच में खुलासा हुआ है कि कई अलग अलग मरीजों के पर्चे मिलान करने पर एक ही ब्रांड की दवा लिखने की जानकारी सामने आई है,सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रमियाबेहड़ का मामला प्रकास में आया है। वैसे तो प्रत्येक बीमारी की सरकारी दवाएं स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद हैं पर कमीशन खोरी के चक्कर में विवादो में रहने वाले सीएचसी के डॉक्टर संतोष वर्मा मरीजों के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।अस्पताल के पर्चे पर खानापूर्ति के लिए कुछ सरकारी दवा लिखकर साथ में निजी पर्चे पर बाहर की महंगी दवाएं लिख दी जाती हैं।इन डॉक्टरों को सरकारी जांच व दवा पर कतई भरोसा नहीं है।इसलिए बाहर संचालित हो रहे मेडिकल स्टोर पर कुछ फिक्स कंपनियों की दवाएं मरीजों को लिखी जाती हैं और मरीजों को महंगे दामों में खरीदने के लिए मजबूर किया जाता है।हालाकि जब पूरे मामले पर संबंधित विभाग के एक जिम्मेदार अधिकारी से बात की गई तो बताया कि दवा का ब्रांड लिखने पर पूरी तरह रोक है।अगर कोई लिख रहा है तो संज्ञान लिया जाएगा।अब देखने वाली बात यह होगी इस मामले में विभाग मुख्य चिकित्सा अधिकारी क्या कार्यवाही करते है ,या फिर ऐसे ही मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाएगा।

## गरीब निर्धन जरूरतमंद लोगों को बेहतर नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श का होगा आयोजन




**लखीमपुर खीरी।** ठंड के मौसम में गरीब निर्धन जरूरतमंद लोगों को बेहतर और निशुल्क चिकित्सा परामर्श देने के लिए संस्था एक शिविर का आयोजन कर रही है। प्राइवेट मेडिकल प्रोफेशनल वेलफेयर एसोसिएशन की तरफ से यह शिविर पी एम पी डब्ल्यू ए भवन, ऐरा रोड, मीरपुर, निकट चिल्ड्रेन एकेडमी स्कूल में आयोजित किया जा रहा है। शिविर में नाक कान गला, नेत्र रोग, मेडिसिन, सर्जरी, हड्डी रोग, मानसिक रोग, बाल रोग, दांत रोग, त्वचा रोग, स्त्री एवं प्रसूति व होम्योपैथी के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया जाएगा। शिविर में बीपी, शुगर, वजन, पल्स, आक्सीजन, आदि की जांच भी निशुल्क की जाएंगी। संस्था के अध्यक्ष डॉ एम आर खान व सचिव डॉ मुदित मेहरोत्रा ने बताया कि अधिक से अधिक जरूरतमंद शिविर में आ सकते हैं।यह शिविर 08 जनवरी, सोमवार को दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक चलेगा। जो लोग पहले से रजिस्ट्रेशन करवाना चाहें वह 9451063643, 9415184979, 8808843752 पर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

# श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न

## दिनेश चंद्र अग्रवाल अध्यक्ष निर्वाचित

❖ श्री खाटू श्याम मंदिर ट्रस्ट, जीवनी मंडी का हुआ मतदान, मंदिर में बही परिवर्तन की बयार।

❖ मंदिर विकास के लिए गठित निर्वाचित अध्यक्ष ने गठित की नई कार्यकारिणी, करेगी हर समस्या का समाधान।



संवाददाता

**आगरा।** शहर के मध्य जीवनी मंडी क्षेत्र में स्थित श्री खाटू श्याम जी मंदिर की व्यवस्थाओं और आयोजनों के संचालन हेतु अध्यक्ष पद के लिए शनिवार को चुनाव आयोजित किया गया। मंदिर हित के लिए करीब 100 ट्रस्टियों ने भारी बहुमत से दिनेश चंद्र अग्रवाल को विजय श्री प्रदान की। चुनाव अधिकारी सुभाष चंद्र अग्रवाल और रविशंकर अग्रवाल ने बताया कि दिन पर दिन श्री खाटू श्याम जी मंदिर की मान्यता बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन सैंकड़ों भक्त मंदिर दर्शन के लिए आते हैं और विशेष तिथियों पर ये संख्या हजारों में पहुंच जाती है। इस स्थिति को देखते हुए मंदिर के कार्यों और व्यवस्थाओं के संचालन के लिए कर्मठ नेतृत्व की आवश्यकता थी, जो अपनी उत्साह से परिपूर्ण टीम के साथ मंदिर की हर व्यवस्था को संभाल सके और समस्याओं का समाधान त्वरित कर सके। सभी ट्रस्टियों ने मिलकर भारी मतों के साथ दिनेश चंद्र अग्रवाल को अध्यक्ष पद के लिए चुना। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश चंद्र अग्रवाल ने अपनी कार्यकारिणी में संजय अग्रवाल, विकास गोयल, मुरारी प्रसाद अग्रवाल, कन्हैया लाल अग्रवाल, अमित गोयल और राकेश गर्ग को शामिल किया। वहीं दूसरी ओर विपक्ष में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अरुण मित्तल और उनकी टीम में शामिल मनीष बंसल, मनीष गोयल, नीतेश अग्रवाल (सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष), आशीष अग्रवाल, संजीव कुमार अग्रवाल और अमित अग्रवाल को हार का सामना करना पड़ा। चुनाव परिणाम आने के बाद राजेश जैसवाल, विजय गुप्ता, विपिन बंसल, हेमेंद्र अग्रवाल, गौरव बंसल, केशव अग्रवाल, रमेश चंद्र अग्रवाल, सुभाष चंद्र अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष अनिल मित्तल आदि।

## 25 हजार रुपये के दो इनामी शातिर हत्यारोपी गिरफ्तार



संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** कोतवाली सदर पुलिस ने हत्या के दो वांछित इनामियां आरोपियों को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है।एसपी खीरी गणेश प्रसाद साहा ने सदर कोतवाली में घटना का खुलासा किया है।दो हत्या आरोपियों को पकड़ने के लिए 17 पुलिस कर्मियों की टीम बनाई गई थी। 2 जनवरी को मामूली कहा सुनी में बलराम को गोली मारी गयी थी।मृतक बलराम जनपद कैथल राज्य हरियाणा का निवासी था।हत्या आरोपी कुलदीप बाजपेई पुत्र राकेश व विकास कुमार दीक्षित पुत्र राम शंकर पर दर्ज है तमाम अभियोग।

## न्यायालय द्वारा किया गया दण्डित



संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** 5 जनवरी 2024 को पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन में काफी समय से लम्बित अपराधिक मामले मे पुलिस पैरवी के चलते माननीय न्यायालय द्वारा दो अपराधियों को दण्डित किया गया है।थाना नीमगांव क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम कोढ़ईया निवासी राधेश्याम पुत्र रामदीन के विरूद्ध वर्ष 2000 में अवैध शस्त्र रखने के अपराध में माननीय न्यायालय चतुर्थ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट खीरी द्वारा मुअसं - 21/2000, धारा 25 आर्म्स एक्ट का विचारण किया गया अभियुक्त को दोषी पाकर पूरे दिन के कारावास और रू 500 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया और थाना सिंगाही में वर्ष 1998 में गोमांस की तस्करी करने वाले कल्लू पुत्र साहबदीन के विरूद्ध दर्ज मुअस 62/1998, धारा 3 /5/8 गौवध अधिनियम का विचारण तृतीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लखीमपुर द्वारा किया गया अभियुक्त के दोषी होने पर जेल मे बिताई अवधि के कारावास व रू 1000 रुपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया है।

## सर्दी का सितम जारी,कोहरे की चादर मे लिपटा ताज

### जिले के स्कूल 10जनवरी तक किये बंद, नहीं हुए सूर्य देव के दर्शन,सर्दी से एक की मौत

संवाददाता

**आगरा।** कड़ाके की सर्दी और कोहरे के चलते जन मानस की दिन चर्या पुरी तरह प्रभावित हो गई। बही कड़ाके की सर्दी और बर्फीली हवाओं से सड़को ओर बाजारों मे सन्नाटा परस गया। सातवे वे दिन भी सूर्य देव के दर्शन नहीं हुए है मौसम विभाग के अनुसार सर्दी का सितम और भी जारी रहेगा साथ ही कोहरे की चादर मे ताज ढक गया वही जिला अधिकारी चंद्र भानू गोस्वामी ने कड़ाके की सर्दी के चलते जिले के इंटर मिडिएट तक के सभी स्कूल और आँगन वाड़ी केंद्र दस जनवरी तक बंद करा दिए है इधर सर्दी से राम वाग चौराहे पर सर्दी से एक वृद्द की मौत हो गई है। जिले मे शीत लहर और कड़ाके की सर्दी, कोहरे के चलते जन जीवन पुरी तरह प्रभावित हो गया है जिलाधिकारी चंद्र भानू गोस्वामी ने उपजिलाधिकारियो को निर्देश जारी कर लोगो को सर्दी से राहत दिलवाने के लिए अलाव जलवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए है। सर्दी के सितम से यात्री हुए कम कोहरे के चलते ताज नगरी के रेलवे स्टेशनो पर घंटो देर से ट्रेन पहुंच रही है जिससे यात्रियों को सर्दी मे इंतजार करना पड़ा है रेलवे स्टेशनो पर अलाव की व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को सर्दी मे ठूठरना पड़ा है जबकि यात्रियों की सख्या निरंतर कम होती जा रही है।

**गौ शालाओं मे सर्दी से बीमार पड़ी गाये**

पिछ्ले सात दिन से सूर्य देव के दर्शन न होने से एत्मादपुर, फतेहपुर सीकरी, फतेहाबाद सहित आधा दर्जन गौ शालाओं मे गाय बीमार पड़ गई है

मौसम विभाग ने ब्रज क्षेत्र मे एलर्ट जारी किया है जिससे कहा गया है कि जिले मे शीत लहर का प्रकोप जारी रहेगा इतना ही नहीं सर्दी का सितम और भी वढ़ने की आशंका ब्यक्त की है और तेज वारिश होने का एलर्ट जारी किया गया।

# उपजा की बागडोर थामी युवा कार्यकारिणी ने देश दीपक तिवारी बने जिलाध्यक्ष

❖उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा का आयोजित हुआ जिला अधिवेशन

❖पत्रकारों के हित के लिए नवगठित कार्यकारिणी ने ग्रहण की शपथ, बोले नहीं होने देंगे साथियों का अहित

❖पत्रकारिता के दिग्गज रहेंगे संरक्षक की भूमिका में, कहा समय के साथ स्वयं को करें अपडेट।

संवाददाता

**आगरा।** पत्रकारों को जनता की आवाज कहा जाता है लेकिन विडंबना ये है कि कलम के सिपाहियों के अधिकारों की ही आवाज कोई नहीं उठा पाता। उत्तर प्रदेश जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा पत्रकारों की आवाज भी बनेगा और उनके हित के लिए सदैव तत्पर भी रहेगा। जिलाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करते हुए ये बात देश दीपक तिवारी ने कही। शनिवार को आवास विकास कॉलोनी स्थित होटल भावना क्लार्क्स इन में उप्र जर्नलिस्ट एसोसिएशन उपजा का जिला अधिवेशन आयोजित किया गया। मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्जवलन से कार्यक्रम का आरंभ हुआ। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप शर्मा की अध्यक्षता में वरिष्ठ पत्रकार शंकर देव तिवारी ने जिलाध्यक्ष पद के लिए देश दीपक तिवारी के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका अनुमोदन वरिष्ठ पत्रकार, पूर्व जिलाध्यक्ष उपजा राजीव सक्सेना ने किया। सभागार में मौजूद सभी पत्रकारों ने देश दीपक तिवारी को जिलाध्यक्ष सर्वसम्मति से घोषित किया। मुख्य वक्ता दैनिक जागरण के पूर्व संपादक आनंद शर्मा ने कहा कि कोई भी संगठन तभी महत्वपूर्ण बनता है जब पदाधिकारी महत्वपूर्ण तरीके से काम करते हैं। आशा है उपजा की नवगठित कार्यकारिणी महत्वपूर्ण संस्था बनेगी और पत्रकारों के हित में काम करेगी।

विशिष्ट अतिथि गिरिजा शंकर शर्मा( पत्रकारिता विभागाध्यक्ष, विवि) ने कहा कि आज पत्रकारिता किसी संस्थान के नाम की मोहताज नहीं रह गयी है। बड़े नामों के खिलाफ लिखने में जो प्रतिष्ठित अखबार बचते हैं, उन खबरों को ब्लॉगर लिखकर सुर्खियां बना देते हैं। वरिष्ठ पत्रकार पवन सिंह ने कहा कि पत्रकार छोटा या बड़ा नहीं होता बल्कि खबर बड़ी होती है। इसके बाद नवनियुक्त जिलाध्यक्ष देश दीपक तिवारी ने जिला कार्यकारिणी घोषित की, जिसमें सर्वसम्मति से दीपक लवानिया जिला महासचिव बने। जिला उपाध्यक्ष अधर कुमार शर्मा, धर्मेंद्र यादव और विजय बघेल को चुना गया। जिला मंत्री अनुज परमार व ब्रजेश कुमार गौतम रहे। कोषाध्यक्ष किशोर कुमार अग्रवाल चुने गए। कार्यकारिणी में हरिकांत शर्मा, इकबाल खान, ममता त्रिपाठी, धीरज शर्मा, चौब सिंह सक्सेना सहित 12 सदस्य शामिल हैं। अधिवेशन में दीक्षांत तिवारी, पीपी सिंह, प्रतीक गुप्ता, गौरव भारद्वाज, प्रभजोत कौर, वेदप्रकाश शर्मा, गोपाल कुशवाह, धर्मेंद्र ठाकुर, हेमंत कुमार, देवेंद्र कुमार, मनोज मित्तल, एमएस तिवारी, अंकुर अग्रवाल, किशोर कुमार अग्रवाल, अनिल भदौरिया, देवेश शर्मा, गोपाल शर्मा, लक्ष्मी राज सिंह, सुनील साकेत, दीपक राज, दीपक राठौर, ब्रज भूषन, असलम सलीमी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन दीपक जैन ने किया।

# काला-बाजारी की खुली पोल

## प्रशासन ने पकड़ा काला बाजारी के लिए जा रहा सरकारी राशन

❖ एसडीएम सदर ने कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर मार्केटिंग इंस्पेक्टर को दिए जांच के निर्देश

संवाददाता



**लखीमपुर-खीरी।** जनपद खीरी की सदर कोतवाली क्षेत्र में गोला रोड पर छाउछ इंडस्ट्रियल एरिया स्थित दूरदर्शन कार्यालय के निकट गेहूं से भरी पिकअप पकड़ा गया है जिसमें 67 बोरी यानी 34.20 क्विंटल गेहूं पाया गया है। पिकप चालक इस गेहूं के संबंध में कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सका, जिससे गेहूं समेत पिकअप को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द किया गया है। साथ ही मामले की जांच मार्केटिंग इंस्पेक्टर को सौंपी गई है। आशंका जताई जा रही है कि यह गेहूं भंसड़िया स्थित एसडब्ल्यूसी गोदाम से निकालकर कहीं काला-बाजारी के लिए ले जाया जा रहा था। इसके साथ दो और पिकअप गेहूं से लोड थीं, जो अधिकारियों के पहुंचने से पहले रफू-चक्कर हो गई। गोला रोड स्थित एक गोदाम से कुछ पिकअप में गेहूं लोड कर कहीं दूसरी जगह ले जाने की सूचना मिलने पर एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह जांच के लिए मौके पर पहुंची, तो दूरदर्शन कार्यालय के निकट एक पिकअप को हिरासत मे लिया है। जानकारी मुताबिक पिकअप में 67 प्लास्टिक बोरियों में भरा गेहूं लदा था, जिसका वजन 34.20 क्विंटल पाया गया है। चालक से पूछताछ की गई, तो वह गेहूं के संबंध में कोई वैध प्रपत्र नहीं दिखा सका और न ही कहां से लेकर कहां जाने के बारे में सटीक जानकारी दी। बल्कि पिकअप चालक सम्बंधित अधिकारियों को गोलमोल जवाब देता रहा, जिससे गेहूं को कालाबाजारी के लिए ले जाने का शक जाहिर हुआ। एसडीएम सदर ने गेहूं समेत पिकअप को सदर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया और मामले की जांच मार्केटिंग इंस्पेक्टर के.के पाठक को सौंपी है। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि गेहूं कहां से लोड कर कहां भेजा जा रहा था। सूत्र बताते हैं कि यह गेहूं भंसड़िया स्थित एक सरकारी गोदाम से प्लास्टिक बोरियों में पलटाकर कहीं दूसरी जगह भेजा जा रहा था। गोदाम से तीन पिकअप में गेहूं लोड कराया गया था, जिस दौरान किसी ने अधिकारियों को सूचना दे दी। इसके पश्चात एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह समेत डिप्टी आरएमओ संतोष पटेल भी मौके पर जांच करने पहुंचे, तो दूरदर्शन कार्यालय के पास एक पिकअप को पकड़ लिया। जबकि दो पिकअप को लेकर उनके चालक फुर्र हो गए। हालांकि अधिकारियों ने सिर्फ एक पिकअप में गेहूं पकड़े जाने की बात कही है। अन्य दो पिकअप के बारे में जानकारी से इंकार किया है।

**क्या बोले जिम्मेदार...**

एक पिकअप में 67 बोरी गेहूं पकड़ा गया है, जिसके चालक द्वारा कागज न दिखाने पर पिकअप समेत गेहूं को कोतवाली पुलिस की अभिरक्षा में दिया गया है। मामले की जांच मार्केटिंग इंस्पेक्टर केके पाठक को सौंपी गई है, जिनकी रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**उपजिलाधिकारी सदर : श्रद्धा सिंह**

## रामरूढ़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया आयोजन

**लहरपुर सीतापुर।** जनपद के विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत रामरूढ़ा में भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चलाए जा रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष संतोष मौर्य रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टाल लगे हुए थे जहां पर लोगों को सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी दी गई। जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र एवं उत्तर प्रदेश की सरकार जनता के द्वार पहुंचने का कार्य कर रही है। केंद्र की मोदी एवं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के जनकल्याणकारी कार्यों के माध्यम से आम जन के जीवन में खुशहाली आई है।

# 6 महीने से 1 साल के बच्चे को आप खिला सकते हैं ये चीजें, जल्दी होगी बेबी की ग्रोथ



छोटे बच्चे को क्या खिलाएं ये एक बड़ा सवाल रहता है। अक्सर लोग एक साल तक के बच्चे को सिर्फ सेरेलक खिलाते हैं, जिससे बेबी की ग्रोथ स्लो हो जाती है।

छोटे बच्चों को क्या खिलाएं इसे लेकर काफी सवाल रहते हैं। हर पेरेंट्स अपने बच्चे को ऐसा खाना खिलाना चाहते हैं जिससे उनकी ग्रोथ हो, बोन हेल्थ सही हो और साथी ही वह स्वस्थ रहें। ऐसे में कुछ प्यूरी रेसिपी यहां हम बता रहे हैं जो आपके काम आ सकती हैं। ये सभी 6 से 1 साल तक के बच्चे के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित होती हैं। बच्चे को भूख लगने पर आप इन्हें फटाफट तैयार कर सकते हैं।

**1) पपीते की प्यूरी-** बेबी को पपीते की प्यूरी खिला सकते हैं। पपीता हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। इसे बनाने के लिए पपीते को अच्छे से धोएं और फिर दो स्लाइस को ब्लेंडर में डालें। अब आप इसे मां का दूध या फॉर्मुला मिल्क, दही के साथ मिक्स करें। प्यूरी तैयार करें और बेबी को खिलाएं। ये उन बच्चों के लिए अच्छी है जिन्हें मां के दूध से हटकर कुछ खाने को मिल रहा है।

**2) इम्यूनिटी बूस्टिंग एप्पल प्यूरी-** इसे बनाने के लिए सेब को अच्छे से धोएं और फिर छील कर टुकड़े करें। अब एक गाजर का टुकड़ा लें और फिर इसे स्टीमर में डाल कर कुछ देर के लिए स्टीम करें। एर तरफ संतरा लें और इसका रस निकालें। अब स्टीम करी चीजों को, संतरे के रस और एक चुटकी हल्दी के साथ ब्लेंड करें। बेबी को खिलाएं।

**3) दाल-चावल प्यूरी-** बेबी के लिए आप दाल चावल की प्यूरी बना सकती हैं। इसके लिए मूंग की दाल और चावल को नमक हल्दी के साथ मिक्स करके उबालें। फिर जब ये पक जाए तो इसे ठंडा करें और ब्लेंड करें। अब इस पर घी डालें और फिर इसे बेबी को खिलाएं।

**4) ओट्स प्यूरी-** 10 से 12 महीने के बच्चे को ओट्स प्यूरी खिला सकते हैं। इसके लिए ओट्स को दूध में अच्छे से उबाल लें और फिर इसे ब्लेंड करें। इसे बेबी को खिलाएं। चाहें तो इसमें छोटा टुकड़ा गुड़ का मिला सकते हैं।

# नोरा फतेही के लेटेस्ट लुक को देख आप भी हो जाएंगे दीवाने, फ्रंट डीप कट ब्लाउज में दिखा बोल्ड अंदाज

नोरा फतेही अपने डांस के साथ ही सिजलिंग लुक्स से हर किसी को अपना दीवाना बना देती हैं। हाल ही में उनका लेटेस्ट साड़ी लुक को खूब पसंद किया जा रहा है। आप यहां देखें उनका बोल्ड अंदाज

नोरा फतेही डांस के अलावा अपने फैशन सेंस को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस अपने आउटफिट्स को अलग अंदाज में कैरी करने की वजह से फैंस की नजरों में बनी रहती हैं। नोरा के इंस्टाग्राम अकाउंट को देखकर भी ये अंदाजा लगाया जा सकता है कि उनको ड्रेसिंग एक्सपेरिमेंट्स करना कितना पसंद है। हाल ही में एक्ट्रेस का साड़ी लुक चर्चा में है। जिसमें उन्होंने एक खूबसूरत साड़ी को कैरी किया है। इस साड़ी के साथ उन्होंने डीप नेक ब्लाउज को कैरी किया है जो काफी ज्यादा खूबसूरत है। यहां देखें एक्ट्रेस का लेटेस्ट लुक-



## साड़ी में दिखी बेहद हॉट

नोरा फतेही का फैशन सेंस हर किसी का ध्यान खींचने में कामयाब होता है। साड़ी को ग्रेस के साथ लपेटने और एक दिवा की तरह दिखने से लेकर अपने को-ऑर्ड सेट फैशन गोल्स को सेट करती हैं। हाल ही में नोरा ने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के लिए म्यूज की भूमिका निभाई और फोटोज के लिए शानदार साड़ी को चुना।

## साड़ी है बेहद खास

साड़ी पर चांदी के रेशम के धागों में कढ़ाई की हुई है। ये नारंगी रंग की साड़ी है जिसे पहन कर नोरा बेहद खूबसूरत लग रही थीं। उन्होंने इसे एक भारी चांदी के वर्क और नारंगी ब्लाउज के साथ एक चौकोर-कट प्लंजिंग नेकलाइन के साथ पेयर किया है।

## मिनिमल एक्सेसरीज से किया खुद को स्टाइल

एक्ट्रस ने गोल्डन चोकर और गोल्डन ईयर स्टड में खुद को बखूबी स्टाइल किया है। इसी के साथ फैशन स्टाइलिस्ट आस्था शर्मा ने उन्हे बेहद खूबसूरती के साथ स्टाइल किया है। नोरा ने अपने आधे बालों को एक रफ पोनीटेल में रखा है, और आधे बालों को बाई ओर खुला छोड़ा है। इसी के साथ मेकअप आर्टिस्ट रेशमा मर्चेंट की मदद से, नोरा ने ऑरेंज आईशैडो, ब्लैक विंग्ड आईलाइनर, कंटूरेड गाल और न्यूड लिपस्टिक के शेड से मेकअर को कम्पलीट किया है।



# पसीने की बदबू के आगे परफ्यूम भी हो जाता है फेल, तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

**नई दिल्ली।** अक्सर लोगों के साथ होता है जब वो कहीं मीटिंग या लोगं के बीच होते हैं और शरीर से आने वाली पसीने की बदबू उन्हें शर्मिंदा कर देती है। केवल पसीने की वजह से ही नहीं बहुत से लोगों की बॉडी ओडोर बेहद खराब होती है। जो किसी भी परफ्यूम या डियोडरेंट से नहीं हटती। जिसकी वजह से उन्हें हर जगह शर्मिंदगी झेलनी पड़ जाती है। शरीर की इस दुर्गंध का कारण बैक्टीरिया होते हैं। जो पसीने वाले एरिया में पनपने लगते हैं। इस तरह की दुर्गंध को हटाने के लिए नेचुरल चीजें असर दिखा सकती है।





## एप्पल साइड विनेगर

एप्पल साइडर विनेगर काफी फायदेमंद होता है। रूई के छोटे टुकड़े पर एप्पल साइडर विनेगर को लेकर इसे पसीने वाले एरिया पर लगाएं। ये शरीर के पीएच लेवल को बैलेंस करता है। जिससे बदबू वाले बैक्टीरिया कम पनपते हैं।



## टी ट्री ऑयल

टी ट्री ऑयल बालों और त्वचा की केयर करने के साथ ही पसीने की बदबू को भी भगाता है। दो चम्मच टी ट्री ऑयल को दो चम्मच पानी में लेकर पसीने वाले एरिया खासतौर पर अंडर आर्म्स पर लगाएं। नेचुरल एंटीसेप्टिक टी ट्री ऑयल बैक्टीरिया को खत्म करेगा। जिससे शरीर से दुर्गंध कम आएगी।



## बेकिंग सोडा

बेकिंग सोडा को आप पाउडर की तरह अंडर आर्म्स पर लगाएं। पैरों से आने वाली बदबू के लिए आप इसे पैरों की उंगलियों के बीच में भी लगाएं। या फिर स्प्रे बोतल में बेकिंग सोडा और पानी का घोल भर लें और शरीर के पसीने वाले हिस्से पर नहाने के बाद स्प्रे करें।

## ग्रीन टी

पानी उबालकर उसमे ग्रीन टी की पत्तियां डालें और गैस बंद कर दें। ग्रीन टी में रूई डुबोकर इसे पसीने वाले एरिया पर लगाएं और उस जगह को सूख जाने दें। हालांकि इसे सप्ताह में एक या दो बार ही लगाना चाहिए। इसके अलावा नहाने के पानी में टमाटर को काटकर डाल दें। जिससे कि इसका जूस मिक्स हो जाए। करीब बीस मिनट बाद इस पानी को नहाने में इस्तेमाल करें। ये नुस्खा भी दुर्गंध वाले बैक्टीरियो को रोकने में मदद करेगा।



# तनोट माता मंदिर जहां पाकिस्तान के गिराए हजारों बम हुए थे बेअसर





पुलवामा हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के एक खास हिस्से पर एयर स्ट्राइक कर दी है। इसके बाद दोनों देशों के बीच हालात बहुत नाजुक बने हुए हैं। इससे पहले भारत और पाकिस्तान के बीच कई युद्ध हो चुके हैं। इस बीच हम आपको एक ऐसे मंदिर के बारे में बता रहे हैं, जो 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध का गवाह है। ये मंदिर है राजस्थान के जैसलमेर में स्थित तनोट राय माता का मंदिर। यहां से पाकिस्तान बॉर्डर सिर्फ 20 किलोमीटर दूर है।

**खास है यह मंदिर:** तनोट माता भारतीय सीमा सुरक्षा बल की आराध्य देवी हैं। सेना के जवान ही मंदिर की देखरेख करते हैं। 1965 में भारत और पाकिस्तान का युद्ध हुआ था। युद्ध में पाकिस्तानी सेना की ओर से माता मंदिर के क्षेत्र में करीब 3000 बम गिराए थे, लेकिन मंदिर को कोई नुकसान नहीं हुआ। मंदिर की इमारत वैसी की वैसी रही। मंदिर परिसर में अभी भी करीब 450 पाकिस्तानी बम आम लोगों के देखने के लिए रखे हुए हैं। ये सभी बम उस समय फटे ही नहीं थे। भारतीय सेना और यहां के लोग इसे देवी मां का ही चमत्कार मानते हैं।

**पाकिस्तानी ब्रिगेडियर भी आए थे माथा टेकने:** 1965 के युद्ध के दौरान माता के चमत्कारों के आगे नतमस्तक हुए पाकिस्तानी ब्रिगेडियर 'शाहनवाज खान' ने भारत सरकार से यहां दर्शन करने की अनुमति देने का अनुरोध किया। करीब ढाई साल बाद भारत सरकार से अनुमति मिलने पर ब्रिगेडियर खान ने न केवल माता के दर्शन किए, बल्कि मंदिर में चांदी का छत्र भी चढ़ाया जो आज भी मंदिर में है।

**मंदिर का इतिहास:** मंदर परिसर में लगे शिलालेख के अनुसार जैसलमेर के निवासी मामडियांजी जी की पहली संतान के रूप में जन्म लिया था। देवी मां ने जन्म के बाद उस जगह बहुत से चमत्कार दिखाए और लोगों का कल्याण किया।



जब राजा भाटी तनुरावजी ने यहां टनोढ़गढ़ की नींव रखी थी। इसके बाद यहां देवी मां का मंदिर बनवाया गया और वे तनोट राय माता के नाम से प्रसिद्ध हुआ।

**यहां है विजय स्तंभ:** इस मंदिर की पूरी देखभाल भारतीय सीमा सुरक्षा बल ही करती है। यहां भारत-पाकिस्तान युद्ध की याद में एक विजय स्तंभ भी बनवाया गया है। ये स्तंभ भारतीय सेनिकों की वीरता की याद दिलाता है।

**यहां पहुंचने का रास्ता:** अगर आप तनोट माता के दर्शन करना चाहते हैं तो आपको सबसे पहले राजस्थान के जैसलमेर पहुंचना होगा। आप देश के किसी भी हिस्से से यहां आसानी से पहुच सकते हैं। जैसलमेर से करीब 130 किमी दूर तनोट माता मंदिर है। मंदिर पहुंचने के लिए आप जैसलमेर से प्राइवेट कार से जा सकते हैं। इसके अलावा राजस्थान रोडवेज की बस भी तनोट जाती है।

**परिचय पत्र जरूर रखें साथ:** सुरक्षा के लिहाज से ये इलाका बहुत ही संवेदनशील है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं पर सैनिकों द्वारा कड़ी नजर रखी जाती है। ऐसे में आपके पास परिचय पत्र होना बहुत जरूरी है। इसकी मदद से आप यहां होने वाली जांच में परेशानियों से बच सकते हैं।



**ठहरने की भी व्यवस्था :** अगर कोई श्रद्धालु यहां रुकना चाहता है तो उसके लिए यहां रुकने की पर्याप्त व्यवस्था भी है। यहां विश्राम गृह बना हुआ है, जिसमें आप ठहर सकते हैं।



# घर पर बनाएं दही





*आपने ब्रेड रोल्स तो बहुत बार ट्राई किया होगा। चलिए आज एक अलग ट्विस्ट देते हुए दही ब्रेड रोल बनाते हैं। इस रोल को हंग कर्ड, ब्रेड और अपनी मनपसंद सब्जियों से बनाया जा सकता है। ये बहुत ही स्वादिष्ट और एकदम करारे बनते हैं। इन्हें किसी भी पार्टी में स्टार्टर के रूप में सर्व कर सकते हैं, बच्चों से बुजुर्गों तक सभी को ये बेहद ज़ायकेदार लगेंगे। आइए बनाते हैं दही ब्रेड रोल-*

## सामग्री

● दही- 500 ग्राम (पानी निकला हुआ) ● पनीर- 100 ग्राम (कद्दूकस किया हुआ) ● शिमला मिर्च- आधा कप ● गाजर- आधा कप ● हरा धनिया- 2 टेबल स्पून ● काली मिर्च पाउडर- 1/4 टी-स्पून ● हरी मिर्च- 2 (बारीक कटी) ● मैदा- 2 टेबल स्पून ● ब्रेड स्लाइस- 3-4(ताजे) ● नमक- स्वादानुसार

## बनाने की विधि

- पहले एक बोल में दही, पनीर, गाजर, शिमला मिर्च, हरा धनिया, काली मिर्च, हरी मिर्च, नमक डालकर अच्छी तरह से मिलाकर मिश्रण तैयार करें।
- फिर ब्रेड स्लाइसेस के किनारी काटकर निकाल दें। इसके बाद हल्के पानी की मदद से ब्रेड को बेलें।
- मैदे का पतला घोल तैयार कर लें और ब्रेड की जिस परत पर पानी लगाया है उसे बाहर की तरफ़ कर दें।
- अब ब्रेड के अंदर मिश्रण को भरकर कोने से मोड़कर रोल बना लें। इस रोल को अच्छी तरह से चिपकाने के लिए मैदे का घोल लगाएं।
- एक पॉलीथीन शीट में रोल को रखकर दोनों कोनों को दबाएं जैसे टॉफी के रैपर को मोड़ते है।
- रोल को तेल में सुनहरा होने तक तलें। रोल को बीच से काटकर हरी या लाल चटनी के साथ सर्व करें।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्प्लवे स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एव ं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार् समाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।